माघ शुक्ल पक्ष -5, 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09 , अंक - 200 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

बेबाक खबर हर दोपहर

23 जनवरी 2026, शुक्रवार

डाक पंजीयन क्रमांक: म।प्र।/4-474/2024-26

# दोपहर मेट्रो

बसंत पंचमी की शुभकामनाएं

## बसंत पंचमी पर मौसम के रंग... दिल्ली-एनसीआर में बारिश, पहाड़ों ने ओढ़ी बर्फ की चादर

# श्रीनगर-जम्मू हाइवे बंद.. उड़ानों पर असर, वैष्णो देवी यात्रा रुकी



**चंडीगढ़/शिमला/श्रीनगर. एजेंसी**

उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम बदल गया है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में देर रात तक बारिश होती रही। तेज हवाएं चल रही हैं। इससे कई जिलों में तापमान घट गया है। हिमालय के राज्यों में भी बारिश-बर्फबारी का एक और दौर शुरू हो गया है। हिमाचल के शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इससे साढ़े तीन महीने से चल रहा ड्राई स्पेल खत्म हो गया है।जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में बर्फबारी का दौर जारी है। श्रीनगर में बर्फबारी के कारण, फ्लाइट ऑपरेशन अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। श्रीनगर-जम्मू हाईवे बंद है। नवयुग टनल के पास ट्रैफिक रोक दिया गया है। मुगल, सिंथन और एसएसजी सड़कें भी बंद हैं। बर्फबारी के कारण वैष्णो देवी यात्रा रोक दी गई है। पहाड़ी जिलों में स्कूल बंद हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 26 जनवरी को दूसरा स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इससे उत्तर भारत के 9 राज्यों में बारिश और पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ या वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, पश्चिम से आने वाली हवा और बादलों का एक सिस्टम होता है। इसके एक्टिव होने से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, मैदानी क्षेत्रों में बारिश होगी। तापमान में गिरावट आएगी, साथ ही पाला पड़ने और कोल्डवेव के हालात बन सकते हैं।

## इधर, भोपाल में राहत न्यूनतम तापमान 17.4°

इधर राजधानी भोपाल में तापमान में बड़ा उछाल देखने को मिला है। यहां आज तड़के न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री दर्ज किया गया है जो सामान्य से 7 डिग्री अधिक है। यहां एक ही दिन में न्यूनतम तापमान में करीब 6 डिग्री की उछाल दर्ज की गई है। पिछले तीन-चार दिनों से भोपाल समेत कई जिलों में बादल छाए हैं जिससे सर्दी का असर कम हुआ है। वहीं प्रदेश की बात की जाए तो यहां 8 जिलों में अगले 24 घंटे में बारिश का अलर्ट है। इनमें ग्वालियर, श्योपुर, भिंड, मुरैना, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर जिले शामिल हैं। वहीं, भोपाल, इंदौर और उज्जैन संभाग में बादल छा सकते हैं। भोपाल में बारिश होने का अलर्ट नहीं है, लेकिन बादल जरूर छाए रहेंगे। यदि बारिश होती है तो इस सीजन में पहली बार मावठा गिरेगा। मानसूनी सीजन खत्म होने के बाद नवंबर-दिसंबर में प्रदेश के किसी भी हिस्से में बारिश नहीं हुई, लेकिन अब मावठा गिरने के आसार हैं।

## न्यूज विंडो

### अब महू में दूषित पानी का कहर, 2 दर्जन बीमार

**इंदौर।** इंदौर में दूषित पानी से हो रही मौतों की गूंज अभी थमी भी नहीं थी कि जिले के महू से भी गंभीर हालात सामने आ गए हैं। यहां गंदा पानी पीने से पीलिया जैसे संक्रमण तेजी से फैल रहे हैं और सबसे ज्यादा असर बच्चों पर दिखाई दे रहा है। महू के पत्ती बाजार और मोती महल क्षेत्र में बीते 10 से 15 दिनों के भीतर 2 दर्जन लोग बीमार हो चुके हैं। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि नलों से आ रहा पानी मटमैला है और उसमें तेज बदबू है, जिसे पीने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। इलाके के कई घरों में एक साथ बच्चे बीमार पड़ गए हैं।

### गैंगस्टर पुजारी गिरफ्तार रेमो डिसूजा से मांगे थे रुपए



**मुंबई।** बॉलीवुड कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और उनकी पत्नी लिजेल डिसूजा से जबरन वसूली के आरोप में गैंगस्टर रवि पुजारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस गैंगस्टर ने आठ साल पहले 2018 में रेमो डिसूजा से 50 लाख रुपये की डिमांड की थी। गैंगस्टर रवि पुजारी पांच साल पहले सेनेगल से डिपोर्ट किए जाने के बाद से जेल में था। हालांकि, इस मामले में अब तक पुजारी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने उसे एस्प्लेनेड कोर्ट में पेश किया और कोर्ट ने 27 जनवरी तक उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### आतंकी पन्नू के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली पुलिस ने सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने दिल्ली में अशांति फैलाने की कथित साजिश रचने के आरोप में यह कार्रवाई की है। भारत के खिलाफ साजिश रचने, भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा करना, जैसे आपराधिक साजिश रचने की धारा में एफआईआर दर्ज की गई है। पन्नु ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर दावा किया था कि उसने दिल्ली में रोहणी और डाबड़ी जगहों पर प्रो खालिस्तान के पोस्टर लगवाए है। वह अपने स्लीपर सेल के जरिए किसी भी तरह की दहशत फैला सकता है।

### आज का कार्टून




## मिशन साउथ... पथरीली जमीन पर कमल खिलाने की कोशिश

# विकास की सौगात देकर पीएम मोदी बोले... रंग ला रही मेहनत, केरल में होगा बदलाव

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यहां कहा, 'लाखों कार्यकर्ताओं का परिश्रम रंग ला रहा है। आज यहां एक नई ऊर्जा दिख रही है, नई होप दिख रही है। कार्यकर्ताओं का जोश यह विश्वास दिलाता है कि अब केरल में बदलाव होकर रहेगा। आज ही प्रधानमंत्री तमिलनाडु भी पहुंचेंगे, जहां रैली को संबोधित करेंगे।

पीएम ने केरल में 4 ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई और कहा कि अब यहां रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी। उन्होंने स्ट्रीट वेंडर्स के लिए स्वनिधि क्रेडिट कार्ड योजना भी शुरू की और कहा कि पहले अमीरों के पास क्रेडिट कार्ड होता था, अब गरीब भी इसका लाभ उठेंगे। सरकार गारंटर रहेगी। जो लोग सड़क किनारे गलियों में सामान बेचते हैं, इनकी स्थिति पहले बहुत बुरी थी। उन्हें सामान खरीदने के लिए महंगे ब्याज पर लोन लेना पड़ता था। इनके लिए पीएम स्वनिधि योजना बनाई गई। अब लाखों वेंडर्स को जिंदगी में पहली बार बैंक से कोई लोन मिला है।



पीएम ने यहां कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और और शिलान्यास किया। 3 अमृत भारत एक्सप्रेस और एक पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई।

### रोड शो में उमड़ी भीड़

इससे पहले पीएम ने 1.5 किमी लंबा रोड शो निकाला। इसमें सड़क के दोनों ओर सैकड़ों लोग मौजूद रहे। पीएम मोदी ने तिरुवनंतपुरम में कहा- भगवान पद्मनाभ स्वामी की इस पावन भूमि पर आना सौभाग्य की बात है। आज बसंत पंचमी सरस्वती पूजा का पावन पर्व है। मैं केरल के लोगों को इस पर्व की शुभकामनाएं देता हूं। नेताजी की जन्म जयंती भी है। पीएम मोदी ने कहा, विकसित भारत बनाने के लिए आज पूरा देश एकजुट होकर प्रयास कर रहा है। विकसित भारत के निर्माण में हमारे शहरों की बड़ी भूमिका रही है। बीते 11 सालों से केंद्र सरकार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश कर रही है। केंद्र सरकार शहर के गरीब परिवारों के लिए भी बहुत काम कर रही है। पीएम आवास योजना के तहत देश में 4 करोड़ से ज्यादा घर बनाकर गरीबों को दिए गए हैं। इनमें शहरी गरीबों के लिए एक करोड़ से ज्यादा घर बनाए गए हैं। केरल के सवा लाख लोगों को उनका पक्का घर मिला है। केंद्र सरकार ने 12 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री कर दिया है। इसका फायदा केरल के लोगों को भी हुआ है।

उल्लेखनीय है कि केरल इकलौता राज्य है जहां लेफ्ट सत्ता में है। यहां सत्ता बदलने की परंपरा रही है, लेकिन 2021 में वाम मोर्चा ने इस ट्रेंड को तोड़ते हुए लगातार दूसरी बार सरकार बनाई।

### 2 महीने बाद 5 राज्यों में चुनाव, 3 दक्षिण भारत के

बीजेपी के लिए केरल और तमिलनाडु, दोनों ही राज्यों की सियासी जमीन पथरीली बनी हुई है। ऐसे में नरेंद्र मोदी विकास की सौगात से इसे नवाज कर अपने लिए उपजाऊ बनाने की कवायद में जुटे हैं। इसमें केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना के अलावा पुडुचेरी और लक्षद्वीप है। बीजेपी का सियासी आधार फिलहाल कर्नाटक तक ही सीमित है। तमिलनाडु और केरल में पार्टी के लिए अभी तक सत्ता में कब्जा जमाना तो दूर की बात है, सियासी प्रभाव भी नहीं बन पाया है। दो महीने बाद देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, जिसमें तीन राज्य तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी दक्षिण भारत के हैं। ऐसे में बीजेपी का पूरा फोकस दक्षिण भारत के राज्यों पर है।

## सरकार ने गणतंत्र दिवस का चीफ गेस्ट बनाया

### कर्नल सोफिया पर बिगड़े बोल वाले मंत्री शाह फहराएंगे तिरंगा

**भोपाल।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मंत्री विजय शाह एक बार फिर से चर्चा में हैं। हाल ही में उन्हें लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को मुकदमा चलाने के निर्देश दिए हैं। वहीं, सरकार तरफ से गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर जारी सूची में विजय शाह का भी नाम है। विजय शाह रतलाम जिले में गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। लिस्ट में विजय शाह का नाम देखकर कांग्रेस भड़क गई है।



कांग्रेस ने कहा है कि विजय शाह जैसे मंत्री रतलाम में तिरंगा झंडा फहराएंगे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल रही कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में गलत शब्दों का इस्तेमाल किया था। यह बेटी का अपमान है। कर्नल सोफिया कुरैशी के केस में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ही एसआईटी गठित की गई थी। एसआईटी ने मामले की जांच रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में सौंप दी है। मगर मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## कड़ी सुरक्षा के बीच भोजशाला में हुई वाग्देवी की पूजा, फिर 2 घंटे की नमाज़



**धार, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार धार की भोजशाला में वसंत पंचमी पर सूर्योदय के समय वेदारंभ के साथ ही मां वाग्देवी का पूजन किया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में यहां श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। इलाके में चप्पे-चप्पे पर पुलिसबल तैनात है। यहां पहुंच रहे दर्शनार्थियों में बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हुए। प्रशासन की ओर से सोशल मीडिया को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए घोषणा की जा रही है। कोई भी गलत सूचना देने पर कार्रवाई करने की चेतावनी जारी की गई है। कोर्ट के निर्देशों के अनुसार दोपहर एक बजे से मुस्लिम समाज के लोग परिसर में नमाज अदा कर रहे हैं। सुरक्षा की दृष्टि से दोनों ही समुदाय के लोगों के लिए परिसर में जाने के अलग-अलग रास्ते बनाए गए हैं। पूरे परिसर पर ड्रोन के माध्यम से नजर रखी जा रही है।

## सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी के सौ साल



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जबलपुर में सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी उपस्थित थे।

## मेट्रो एंकर — दिल्ली में कचरे के ढेर देखकर आया आइडिया, बनाई खाद बनाने वाली अनोखी 'इनसिंक' मशीन

# इंदौर की बेटी का इनोवेशन, घर का कूड़ा घर में... कमाई का जरिया भी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश के सबसे साफ शहर कहे जाने वाले इंदौर से निकली एक लड़की अक्षिता जब दिल्ली पहुंची तो यहां पर खड़े हुए कूड़े के पहाड़ और जगह-जगह बिखरा कूड़ा और गंदगी देखकर दंग रह गई। उसने सोचा जब इंदौर साफ है तो देश की राजधानी इतनी गंदी क्यों है। इसके बाद उसने दो महीने तक रिसर्च की और एक ऐसी मशीन बनाई जो घर के कूड़े को कमाई का जरिया बन सकती है। अक्षिता ने एक सिंक बनाई, जिसमें आप अपने किचन से निकलने वाले गीले कचरे जैसे सब्जियों के छिलके और प्लेट में लगे हुए खाने से लेकर बचे हुए खाने तक को डाल सकते हैं। कुछ ही देर में यह सिंक आपके खाने को खाद में बदल देगा और इस खाद को आप चाहे तो



मार्केट में बेच भी सकते हैं, या फिर अपने घर के पेड़ पौधों में डाल सकते हैं। घर का कूड़ा घर में ही रह जाएगा और कमाई का जरिया भी बन जाएगा।

**आर्मी अफसर की बेटी हैं अक्षिता:** यह स्टार्टअप आइडिया लाने वाली अक्षिता एक आर्मी अफसर और अध्यापिका की बेटी हैं। खास बात यह है कि उनके आइडिया को अपनाने के लिए देशभर की कंपनियां बेताब हैं। अपने इस स्टार्टअप आइडिया को लेकर अक्षिता भारत मंडपम में आयोजित विकसित भारत कार्यक्रम के तहत मौजूद थी। उन्होंने बताया कि अपने इनोवेशन को 'इनसिंक' नाम दिया है। इसे बनाने में सवा लाख रुपए खर्च हुए हैं। अब यह पूरी तरह से बनकर तैयार है और फिलहाल अलग-अलग कंपनियां उन्हें ऑफर भी देने लगी हैं। यह सिंक एक पूरा सेटअप है, जिसे कोई भी अपने किचन में लगवा सकता है।

### कई बड़ी कंपनियां प्रोडक्ट खरीदने को आतुर

इस सिंक के किनारे एक बॉक्स दिया गया है और अंदर पूरा एक सिस्टम लगा हुआ है। गीले कचरे को चाहे वह अनाज हो या बीज, सभी को इसके अंदर डालने पर यह पूरे सिस्टम से होकर गुजरता है। फिर यह सिंक में लगे हुए बॉक्स तक पहुंच जाता है। बस, खाद तैयार है जिसे आप चाहें तो हर हफ्ते निकाल कर साफ कर सकते हैं या फिर एक या दो महीने में निकाल कर 50 से 60 किलो प्रति केजी वाला खाद बना सकते हैं। किसी भी खाद बनाने वाली कंपनी को बेहतर दामों पर बेचा भी जा सकता है। अक्षिता ने बताया कि इस पूरे सिंक की कीमत उन्होंने 50 से 60 रुपए रखी हैं, लेकिन इसी सिंक को वह अब मिडिल क्लास फैमिली और रेस्टोरेंट के लिए भी बना रही हैं। मिडिल क्लास फैमिली और रेस्टोरेंट के लिए इसकी कीमत और कम रखी जाएगी ताकि हर कोई इसे खरीद सके। उन्होंने कहा कि रेस्टोरेंट से बड़ी मात्रा में किचन वेस्ट निकलता है और वे भी इसका सही इस्तेमाल करके खाद बना सकते हैं।

### ड्राइंग-डिजाइन में देरी पर जवाबदेही तय करने के निर्देश

# अमृत 2.0 की संभागवार निगरानी, प्रोजेक्ट के काम में मिली खामी तो ठेकेदार होगा ब्लैक लिस्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश में भारत सरकार के अमृत-2.0 मिशन के अंतर्गत पेयजल और सीवरेज परियोजनाओं के काम की संभागवार निगरानी शुरू कर दी गई है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने राज्य स्तर पर अधिकारियों को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अमृत-2.0 के काम में खामियां मिली, तो संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। काम से जुड़े अधिकारियों की लापरवाही सामने आई, तो उनके विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। इसको लेकर विभाग ने निगरानी सेल बनाई है। इनमें सिविल और तकनीकी कार्यों को विभाजित कर समीक्षा भी की जा रही है। जिसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जा रही है। इधर, नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने अमृत-2.0 की कई परियोजनाओं में अत्यंत धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ड्राइंग-डिजाइन अनुमोदन में अनावश्यक विलंब करने वाले अधिकारियों एवं पीडीएमसी टीम की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी दिए।



दरअसल, त्रुटिपूर्ण डीपीआर के कारण कई परियोजनाओं में विलंब हो रहा है। इसे तैयार करने वाले सलाहकारों की समीक्षा कर दोष पाए जाने पर उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। परियोजनाओं की आनलाइन मानिटरिंग, प्रगति की डिजिटल रिपोर्टिंग और पोर्टल आधारित समीक्षा से जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इधर, आयुक्त भोंडवे ने नगरीय निकायों के अधिकारियों स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्रतिदिन पोर्टल पर अद्यतन करें तथा बिना पूर्व अनुमति किसी भी परियोजना में ईओटी जारी न करें। बता दें कि दो दिन पहले ही आयुक्त भोंडवे ने अमृत-2.0 प्रोजेक्ट के कार्यों की धीमी प्रगति पर 13 ठेकेदार ब्लैक लिस्ट किया है तो, छह को निलंबित किया जा चुका है।

#### इन निकायों में सीवरेज और पेयजल सप्लाई प्रोजेक्ट की स्थिति खराब

अमृत-2.0 प्रोजेक्ट के काम की स्थिति प्रदेश की अधिकांश नगरीय निकायों में ठीक नहीं है। इनमें सीहोर, रायसेन, आष्टा, देवरी, विदिशा, बैतूल, नर्मदापुरम, हरदा, मालनपुर, मोहना, सतना, पन्ना, बरोदियाकला, सुरखी, राजगढ़, धार, पीथमपुर, जावरा, रतलाम, मंदसौर, नलखेड़ा, नीमच, नागदा, खरगोन, कटनी, सीहोरा और रीवा में न तो पेयजल सप्लाई का काम पूरा हो पाया है और न ही सीवरेज की लाइन डाली जा सकी। इंदौर में सीवरेज के तीन और पेयजल सप्लाई का एक प्रोजेक्ट है, लेकिन यहां भी काम की प्रगति संतोषजनक नहीं है। भोपाल नगर निगम में भी सीवरेज का काम अधूरा है।

### खेलो इंडिया विंटर गेम्स में रचा इतिहास

# आइस स्केटिंग में उद्रेका बनीं देश की सबसे तेज महिला स्केटर

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भोपाल देश की खेल प्रतिभा ने एक बार फिर राष्ट्रीय मंच पर प्रदेश का मान बढ़ाया है। सतना जिले की उभरती खिलाड़ी उद्रेका सिंह ने खेलो इंडिया विंटर गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। लेह-लद्दाख में 20 से 26 जनवरी तक आयोजित इन खेलों में उद्रेका ने आइस स्केटिंग (वूमेन लॉन्ग ट्रैक 500 मीटर) स्पर्धा में 53.94 सेकंड का समय निकालते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस प्रदर्शन के साथ ही वे भारत की सबसे तेज महिला आइस स्केटर बन गई हैं। बर्फीले ट्रैक पर तेज़ रफ्तार, संतुलन और तकनीकी कौशल का बेहतरीन उदाहरण पेश करते हुए उद्रेका ने कड़े मुकाबले में देश की अन्य शीर्ष खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ सतना, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने इस उपलब्धि पर उद्रेका सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत,



अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर उद्रेका ने यह मुकाम हासिल किया है और यह सिद्ध किया है कि मध्यप्रदेश की बेटियां हर खेल में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार खेल अधोसंरचना के विस्तार, गुणवत्तापूर्ण कोचिंग, खेल छात्रवृत्ति और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं पर लगातार निवेश कर रही है, ताकि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

### साल 2025 में 25 दवाओं के सैंपल हुए फेल

# ओआरएस से पेन किलर तक अमानक, कीड़े वाले माउथ वॉश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कफ सिरप कांड हो या जिला अस्पताल से मिले माउथ वॉश में कीड़ा निकलने का मामला, यह केस मध्यप्रदेश में मरीजों को दी जा रहीं दवाओं के गिरे हुए स्तर को उजागर करता है। लेकिन, चिंता का विषय यह है कि साल 2025 में खराब क्वालिटी वाली दवाओं के 4 से 5 ही चर्चित केस लोगों के सामने आए। जबकि हकीकत में स्थिति इसके कई गुना अधिक चिंताजनक है।

मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड में बीते साल एक नहीं बल्कि अमानक दवाओं के 25 केस दर्ज हुए। इनमें मल्टी विटामिन, ओआरएस, दर्द की दवा से लेकर हृदय और किडनी रोगियों को दी जाने वाली लाइफ सेविंग ड्रग्स तक शामिल हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों व फार्मेसी के कुल दवा कारोबार को देखें, तो यह आंकड़ा 10 हजार करोड़ से अधिक का है। मध्यप्रदेश में अमानक दवाओं के मामले सतना, कटनी, जबलपुर, शाजापुर समेत प्रदेश के अन्य जिलों से आए हैं। इनके अलावा हाल ही में राजधानी के जिला अस्पताल में दो शिकायतें दर्ज हुईं। जिसमें एक केस में फफूंद लगी दवा मरीजों को दे दी गई तो दूसरे मामले में अस्पताल से जो माउथ वॉश दिया गया, उसमें की?ा होने की बात कही गई। दोनों मामलों में अस्पताल प्रबंधन ने दवाओं के सैंपल जब्त कर लिए थे। शिकायतकर्ता को एक सप्ताह में इनकी रिपोर्ट बताने की बात कही गई थी। लेकिन, अब तक इन दवाओं की रिपोर्ट नहीं आई है। मामले में भोपाल सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि माउथ वॉश में कीड़े होने की शिकायत मिली थी। सैंपल को जांच के लिए भेज दिया गया है। जल्द ही रिपोर्ट आने से स्थिति साफ हो जाएगी। मरीजों की



सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हाल ही में जेपी अस्पताल में क्वालिटी इंस्पेक्शन कराया गया था। मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड में सबसे ज्यादा 7 अमानक दवाओं के मामले साल 2025 के मई माह में मिले। जिसमें कार्रवाई करते हुए संबंधित बैच की दवा पर तत्काल रोक लगा दी गई थी। वहीं, खराब दवाएं सप्लाई करने वाली कंपनियों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी की गई।

#### सबसे ज्यादा अमानक दवाएं मई माह में मिली

बताया जाता है कि मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड में सबसे ज्यादा 7 अमानक दवाओं के मामले साल 2025 के मई माह में मिले। जिसमें कार्रवाई करते हुए संबंधित बैच की दवा पर तत्काल रोक लगा दी गई थी। वहीं, खराब दवाएं सप्लाई करने वाली कंपनियों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी की गई। मई माह के बाद दिसंबर में चार दवाएं अमानक मिली थी। वहीं, अगस्त और अक्टूबर में 3-3 दवाएं खराब क्वालिटी की होने की बात सामने आई थी। ये दवाएं टाइफाइड, फेफड़ों व मूत्र संक्रमण, खांसी, अस्थमा, एलर्जी और पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों के इलाज में दी जाती हैं।

### जैन लिगेसी क्रिकेट टूर्नामेंट

# जेके चैंपियंस ने गौरव इलेवन को 10 रन से हराया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल के बैरागढ़ क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे जैन लिगेसी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुक्रवार को दूसरा दिन खेला गया। प्रशम जैन ने छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। 87 रन पर लगा दूसरा झटका। बल्लेबाज आदेश जैन 17 बॉल पर 30 रन बनाकर रन आउट कर दिया। दूसरे दिन के पहले मुकाबले में जेके चैंपियंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गौरव इलेवन को 10 रन से पराजित किया। जेके चैंपियंस ने गौरव इलेवन को 107 रन पर रोकते हुए मुकाबला अपने नाम किया। सौरभ जैन को मैन ऑफ द मैच चुना गया।इस टूर्नामेंट की शरूआत 22 जनवरी को हुई जिसके पहले दिन 5 मैच खेले गए।

### लगातार सामने आ रहे मामले, आरटीओ की भूमिका सवालों के घेरे में

# बिना मालिक की मौजूदगी, फर्जी तरीके से वाहन ट्रांसफर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में है। आरोप है कि दलालों के जरिए बिना वाहन मालिक की जानकारी और उपस्थिति के 13 लाख कीमत की टाटा 407 को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दूसरे व्यक्ति के नाम ट्रांसफर कर दिया गया। मामला सामने आने के बाद आरटीओ ने कागजों में तो वाहन को असली मालिक के नाम वापस कर दिया, लेकिन न तो आरोपी पर कार्रवाई हुई और न ही वाहन अब तक मालिक को वापस मिल सका। आरटीओ जितेंद्र शर्मा का कहना है कि वाहन स्वामी की ओर से ऑनलाइन आवेदन किया गया था। उसी आवेदन के आधार पर उस समय पदस्थ आरटीओ द्वारा वाहन के ऑनलाइन ट्रांसफर की सूचना दर्ज की गई थी।

#### 2016 में खरीदी थी टाटा 407

सिद्धार्थ लेक सिटी निवासी धीरेन्द्र सिंह चौहान ने वर्ष 2016 में टाटा 407 खरीदी थी। उस समय वाहन की कीमत करीब 8.50 लाख रुपए थी।



वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर MP 04 GB 0670 है। धीरेन्द्र ने यह वाहन दानिश नगर स्थित केरी सॉफ्ट लिमिटेड में किराए पर लगाया था।

#### विवाद के बाद खुला फर्जीवाड़ा

धीरेन्द्र के अनुसार, शुरुआत में किराया समय पर मिलता रहा, लेकिन बाद में कंपनी संचालक विमल शुक्ला टालमटोल करने लगे। जब वाहन वापस मांगा गया तो बहाने बनाए जाने लगे। इसी बीच दिल्ली में कार बम धमाके की खबरें देखने के बाद उन्होंने एहतियातन अपने वाहन के ऑनलाइन दस्तावेज चेक किए। तब पता चला कि वाहन मार्च 2023 में मनोज कुमार पांडे के नाम ट्रांसफर हो चुका है।

#### न दफ्तर गए, न हस्ताक्षर किए

धीरेन्द्र का कहना है कि उन्होंने न तो आरटीओ जाकर कोई प्रक्रिया पूरी की और न ही किसी ट्रांसफर दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। इसके बावजूद वाहन किसी और के नाम दर्ज हो गया। इसके बाद उन्होंने थाना कटारा हिल्स और आरटीओ में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद कई दिनों तक थाने के चक्कर काटने पड़े, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जांच में यह सामने आया कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए वाहन का ट्रांसफर किया गया था। इसके बाद आरटीओ ने कागजों में वाहन को दोबारा धीरेन्द्र सिंह चौहान के नाम कर दिया। आरटीओ जितेंद्र शर्मा के मुताबिक, वाहन अंतरण की प्रक्रिया ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से की गई थी। आवेदन के आधार पर तत्कालीन आरटीओ ने सिस्टम में ऑन ट्रांसफर की सूचना दर्ज कर दी। बाद में जब दोनों पक्ष आमने-सामने आए और मामला संदिग्ध पाया गया, तो पूरे प्रकरण की दोबारा सुनवाई की गई।

# दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान और बीयू के बीच एमओयू

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) और दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान (डीटीएसएस), भोपाल के मध्य अकादमिक एवं शोध सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता एमओयू हुआ।
यह समझौता समाज विज्ञान, मानविकी, विधि, प्रबंधन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा सहित विभिन्न विषयों में संयुक्त शोध एवं शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों, शोध सुविधाओं एवं विशेषज्ञता का पारस्परिक उपयोग कर उच्च गुणवत्ता वाले समाजोपयोगी और नीति-आधारित अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है। यह समझौता दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश मिश्र तथा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. समर बहादुर सिंह द्वारा विधिवत रूप से हुआ। इस दौरान बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एसके जैन ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय और शोध संस्थान के बीच केवल औपचारिक सहयोग नहीं है, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा को समकालीन अकादमिक विमर्श से जोड़ने की एक दूरदर्शी पहल है। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से शोधार्थियों एवं शिक्षकों को नवाचारपूर्ण, मूल्यपरक और समाज-केंद्रित अनुसंधान के नए अवसर प्राप्त होंगे व विश्व विद्यालय की शोध-संस्कृति और अधिक सुदृढ़ होगी। प्रो. जैन ने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान भारत सरकार के आसीएसएसआर से संबद्ध यह संस्थान मध्य प्रदेश के साथ साथ पूरे देश में अपनी उत्कृष्ट पहचान रखता है।

### भारत भवन के मंचों पर पंडवानी, सौगंधिका हरणम् एवं महाभारत का मंचन

# कठपुतली नाट्य में उभरी युद्ध की त्रासदी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भारत भवन में आयोजित महाभारत समागम के सातवें दिन प्रसिद्ध रंगकर्मी अनुरूपा राय के निर्देशन में महाभारत की प्रभावशाली प्रस्तुति हुई, जिसे कठकला पपेट आर्ट्स ट्रस्ट, नई दिल्ली ने प्रस्तुत किया. इससे पहले पूर्व छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा पर आधारित रितु वर्मा निर्देशित पंडवानी की प्रस्तुति ने लोक-संवेदना के साथ महाभारत कथा को जीवंत किया। वहीं अंतरंग सभागार में पियाल भट्टाचार्य के निर्देशन में संस्कृत नाट्य परंपरा से जुड़ा सौगंधिका हरणम् मंचित हुआ।

अनुरूपा राय निर्देशित महाभारत प्रस्तुति कठपुतली कला के माध्यम से युद्ध, भाग्य, अहंकार और धर्म की गहरी त्रासदी को उजागर करती है। कथा के केंद्र में गांधारी, कृष्ण और बर्बरीक जैसे तीन प्रमुख पात्र हैं। गांधारी का जीवन त्याग और पीड़ा का प्रतीक है, जिसने अपने अंधे पति धृतराष्ट्र के साथ समानता के लिए जीवन भर आंखों पर पट्टी बांधे रखी। युद्ध के बाद पुत्रों के मृत शरीर देखने और कृष्ण को श्राप देने का प्रसंग दर्शकों को भावुक कर गया। भारत भवन के अभिरंग रंगमंच पर विशेष कठपुतली समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ कोलकाता के डॉल्स थियेटर द्वारा प्रस्तुत प्रसिद्ध कठपुतली नाटक 'द आर्चर हू स्टूड अलोन' की प्रस्तुति से हुआ। जिसका निर्देशन सुदीप गुप्ता ने किया। एकलव्य पर आधारित इस प्रस्तुति में प्रतिभा, भक्ति और बलिदान के नैतिक द्वंद्व को



प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। सामाजिक अस्वीकृति के बावजूद गुरु के प्रति समर्पण और कठोर साधना से एकलव्य महान धनुर्धर बनता है। गुरु-दक्षिणा में अंगूठा अर्पित करने का उसका त्याग दर्शकों को गहरे भाव से भर देता है। इसके साथ ही मानसिंह झाला निर्देशित आठवां की प्रस्तुति भी हुई।

**मेट्रो एंकर**

### अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना

# राममय हुआ शहर... दीयों से जगमग हुए मंदिर, ध्वज लहराए

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

शहर के पुट्ठा मिल और निशातपुरा से भगवान राम की शोभायात्राएं निकाली गईं। जिसमें राम दरबार की आकर्षक झांकियां, भगवा ध्वज और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। अयोध्या के राम मंदिर में भगवान रामलला की दूसरी वर्षगांठ पर राजधानी के मंदिरों, घरों में पूजा-अर्चना की गई। राम राम संकीर्तन हुए और भगवा ध्वज फहराए गए। इस दौरान मंदिरों को सजाया गया था। साथ ही दीप प्रज्ज्वलित कर मंदिरों को रोशन किया गया। न्यू मार्केट स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना की गई और दीप जलाकर खुशियां मनाई गई।

लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में रामायण केंद्र की ओर से 51 पुजारियों और बटुकों का सम्मान किया गया। इससे पहले भगवान राम की विधिवत पूजा-आरती हुई। गुरुबख्श की तलैया स्थित राम मंदिर में सुबह 9 बजे सहलार्चन और पूजा-आरती की गई।



पिपलानी, साउथ टीटी नगर और कमला नगर के राम मंदिरों में भी विशेष आरती और धार्मिक आयोजन हुए। वहीं पुराने शहर के इतवारा स्थित प्राचीन छह कोड़ी मंदिर से हिंदू अखाड़ा महासंघ द्वारा ध्वज यात्रा निकाली गई। ध्वज यात्रा में बैंड, ढोल और बड़ी संख्या में भगवा ध्वज शामिल रहे। इसमें अखाड़े के युवा, व बालक-बालिकाएं करतबों का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। ध्वज यात्रा मंगलवारा, छावनी रोड सब्जी मंडी से होते हुए राम मंदिर गुरुबख्श की तलैया पहुंची। यहां मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष ओम मेहता की उपस्थिति में ध्वज पूजन किया गया और ध्वज को मंदिर शिखर पर चढ़ाया गया।

इधर, न्यू मार्केट स्थित हनुमान मंदिर के राम दरबार में शाम को 251 दीपों से 'जयश्रीराम' लिखा गया। यहां राम नाम संकीर्तन का आयोजन भी हुआ। न्यू मार्केट खेड़ापति हनुमान मंदिर में महा आरती और संकीर्तन के दौरान भी 251 दीपों से 'जयश्रीराम' अंकित किया गया। पिपलानी में विश्व हिंदू परिषद की ओर से सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# गोमांस मामले में संभागायुक्त से मिलेंगे कांग्रेस पार्षद

**भोपाल।** गोमांस के मुद्दे पर 13 जनवरी को हुई बैठक में कांग्रेसी पार्षद हंगामा कर चुके हैं। वे आज संभागायुक्त संजीव सिंह से भी मिलेंगे। भोपाल के जिंसी स्थित आधुनिक स्लॉटर हाउस से निकले मीट में गोमांस मिलने के मामले में अब उच्च स्तरीय जांच होगी। अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के आसंदी से आदेश के बाद निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के आयुक्त को पत्र लिख दिया है। इसमें शासन की उच्च स्तरीय कमेटी बनाने का अनुरोध किया है। इससे निगम के जिम्मेदारों की भूमिका की जांच होगी। मामले को 1 महीने से ज्यादा बीत चुका है। बावजूद यह शांत होने का नाम नहीं ले रहा है।

# वरिष्ठ पत्रकार ललित श्रीवास्तव का निधन

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



वरिष्ठ पत्रकार ललित श्रीवास्तव का एक निजी अस्पताल में देहावसान हो गया। वे 71 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा आज निज निवास जी-301, श्री कृष्ण हाइट्स, कटारा हिल्स, सिग्नेचर सिटी के सामने से निकलकर सुभाष नगर विश्राम घाट पहुंची। यहां अंतिम संस्कार किया गया। वे लम्बे समय से अनेक बीमारियों से पीड़ित थे। उनके परिवार में दो पुत्रियां और एक पुत्र है। पत्नी का पूर्व में निधन हो चुका है। उन्होंने अनेक समाचार पत्रों में संपादक के रूप में कार्य किया है। वे एक कुशल खेल पत्रकार भी थे।

MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

# वैश्विक मंच पर मध्यप्रदेश निवेश भी विकास भी



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

"मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF-2026), दावोस यात्रा ने मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश एवं नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करने में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की। यह यात्रा मध्यप्रदेश के लिए निवेश, रोज़गार और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के साथ ही प्रदेश के हरित, डिजिटल और समावेशी विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित हुई है।"



### हरित ऊर्जा एवं समावेशी विकास

- मध्यप्रदेश के हरित ऊर्जा विज़न का प्रदर्शन
- सौर ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण जैसी परियोजनाओं की प्रगति और भावी योजनाओं से वैश्विक निवेश
- हरित ऊर्जा विज़न से प्रेरित मध्यप्रदेश मॉडल का वैश्विक मंच पर रेखांकन

### निवेश प्रोत्साहन एवं उद्योग संवाद

- 'इन्वेस्ट इन इंडिया : मध्यप्रदेश' राउंड टेबल मीटिंग में वैश्विक निवेशकों से संवाद
- ऑटोमोबाइल, नवीकरणीय ऊर्जा, फार्मा, आईटी, कृषि-प्रसंस्करण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेश एवं रोज़गार के अवसर

### फार्मा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रगति

- सैंडोज़ प्रतिनिधि मंडल के साथ फार्मा विनिर्माण पर परिचर्चा
- जेनेरिक दवाओं एवं एपीआई निर्माण में निवेश की संभावनाएं
- उन्नत अवसंरचना, नीतिगत समर्थन एवं कुशल कार्यबल विकास पर चर्चा

### पर्यटन को मिला वैश्विक मंच

- 'रीइमेजिनिंग टूरिज्म एट स्केल' सत्र में मध्यप्रदेश के विविध पर्यटन आकर्षणों का प्रस्तुतिकरण
- विरासत, वन्यजीव और आध्यात्मिक पर्यटन को वैश्विक निवेश से जोड़ने पर बल
- 'अतुल्य भारत के हृदय प्रदेश' की विकास यात्रा में वैश्विक निवेशकों को आमंत्रण

### अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी को मजबूती

- मालदीव से द्विपक्षीय वार्ता में पर्यटन, चिकित्सा, शिक्षा एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान में सहयोग पर सहमति
- अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी को मिलेगी मजबूती

### डिजिटल भविष्य को मिलता बल

- ReNew Power के साथ संवाद में डेटा सेंटर और डिजिटल इकोनॉमी के लिए स्वच्छ ऊर्जा-आधारित विकास मॉडल पर परिचर्चा
- मध्यप्रदेश को विश्वसनीय हरित ऊर्जा केंद्र के रूप में स्थापित करने पर बल

### खेल विकास एवं योग को बढ़ावा

- मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ खेल विकास एवं खेल पर्यटन पर चर्चा
- योग एवं आध्यात्मिक कल्याण से जुड़े वैश्विक संगठनों के साथ संवाद
- उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय योग केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा

### तकनीक एवं नवाचार को प्रोत्साहन

- स्विस संसद के सदस्यों के साथ स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण एवं कौशल विकास पर चर्चा
- तकनीकी प्रशिक्षण एवं हरित नवाचार में सहयोग
- स्विस निवेश एवं विशेषज्ञता को मध्यप्रदेश की प्राथमिकताओं से जोड़ने पर सहमति

### आर्थिक विकास एवं रोज़गार को बल

- मध्यप्रदेश और डीपी वर्ल्ड के मध्य एमओयू से व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगी नई दिशा
- लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश की संभावनाओं से आर्थिक विकास एवं रोज़गार को बढ़ावा

## मध्यप्रदेश की विकास यात्रा में बनें सहभागी

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

D-11189/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

## बांग्लादेश का अड़ियल रुख

**खे**ल में राजनीति मिलाने, जिद और अदूरदर्शिता का नतीजा है कि बांग्लादेश क्रिकेट टीम अगले महीने से शुरू होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के कगार पर खड़ी है। आईसीसी ने साफ कर दिया है कि बांग्लादेश के शिड्यूल्ड मैच भारत में ही खेले जाएंगे। अगर बांग्लादेश अपना फैसला नहीं बदलता, तो विश्व कप में उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया जाएगा। हालांकि आईसीसी ने बांग्लादेश को एक आखिरी मौका दिया है और उसे इस पर विचार करना चाहिए। राजनीतिक-सामाजिक तनाव और अस्थिरता से गुजर रहे उस देश की जनता के लिए क्रिकेट थोड़ी मुस्कान ला सकता है।

**हठी रवैया:** इस मामले में बात इतनी बिगड़ती ही नहीं, अगर शुरू से खेल को खेल की तरह लिया जाता। पिछले दो हफ्तों में आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने कई बार बातचीत की, पर गतिरोध बना रहा। बांग्लादेश सरकार और बोर्ड, दोनों भारत में न खेलने की बात पर अड़े हैं।

**खेल भावना को चोट:** बांग्लादेश ने अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा का मसला उठाया है, जबकि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की रिपोर्ट ऐसी किसी आशंका को खारिज करती है। असल में यह फैसला खेल की जमीन पर नहीं, जियो-पॉलिटिक्स की बुनियाद पर लिया गया है, जो सरासर क्रिकेट की भावना के खिलाफ है। इसका सबसे बड़ा नुकसान खुद बांग्लादेश को होगा, जिसका अंदेशा वहां के सीनियर खिलाड़ी तमीम इकबाल भी जता चुके हैं।

**आर्थिक घाटा:** बांग्लादेश के इस फैसले का असर आने वाले आईसीसी इवेंट्स, द्विपक्षीय सीरीज और दूसरे बोर्ड के साथ रिश्तों पर पड़ सकता है। बीसीबी लंबे समय से आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा है और विश्व कप न खेलने की सूरत में उसे आईसीसी से मिलने वाली फीस और रेवेन्यू में हिस्सा नहीं मिलेगा। यह अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है।

**मौका खो रहा:** बांग्लादेश की टीम ने 1986 में अपना पहला वनडे इंटरनेशनल खेला था। लेकिन, चार दशक के बाद भी वह खुद को बड़ी टीमों के बीच स्थापित नहीं कर पाई है। आज भी उसका प्रदर्शन बेहद उतार-चढ़ाव भरा है और इसकी एक वजह बड़े मौकों की कमी भी है। बांग्लादेश जैसी टीमों के लिए विश्वकप वह मंच है, जहां उसके खिलाड़ी परफॉर्म कर पूरी दुनिया की नजरों में आ सकते हैं। बोर्ड और सरकार उनसे यह मौका छीन रहे हैं।

**मायूस होंगे फैंस:** बांग्लादेशी खिलाड़ियों के बयान बताते हैं कि वे विश्व कप में खेलने के इच्छुक हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें राजनीति की कीमत चुकानी पड़ेगी। अफसोस है कि प्रशंसक भी इसके शिकार बनेंगे। वे अपनी टीम को उस इवेंट में खेलने नहीं देख पाएंगे, जिसका इंतजार सभी को रहता है।

# भारतीय ज्ञान परंपरा में कला साधना एवं देवीय शक्ति का सार्वजनिक महापर्व है बसंतोत्सव

**डॉ. दीपक वर्मा**
प्राध्यापक, संगीत महाविद्यालय



**ब**संत पंचमी भारतीय संस्कृति का वह पावन पर्व है, जब प्रकृति, कला और ज्ञान साधना का अलौकिक संगम होता है। शीत ऋतु की विदाई और बसंत के आगमन के साथ यह दिन कला साधकों और विद्वानों द्वारा माँ शारदा की देवीय शक्तियों को नमन करने का अवसर बनता है। पीले पुष्प, कोमल हवाएँ और उल्लास से भरा वातावरण जीवन में सृजन, साधना और ज्ञान जीवन की निरंतर धारा का प्रवाहित करता है।

भारतीय ज्ञान परंपरा में कला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि साधना का मार्ग रही है। संगीतकार, नर्तक, चित्रकार, शिल्पकार और साहित्यकार वर्षों की तपस्या, अनुशासन और एकाग्रता से अपनी कला को निखारते हैं। बसंत पंचमी का दिन उनकी उसी मौन साधना का सार्वजनिक उत्सव है, जहाँ कला को ईश्वर के समकक्ष मानकर पूजा की जाती है। भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत कथक विद्या भारतीय शास्त्रीय नृत्यों में विशेष स्थान रखती है। इसकी जड़ें सनातन संस्?कृति और कथावाचन की परंपरा से जुड़ी हैं। घुंघरुओं की लय, पैरों की थाप और भावों की अभिव्यक्ति यह सब कला साधना की ही देन हैं। बसंत पंचमी पर अनेक गुरु-शिष्य परंपराओं में कथक की प्रस्तुतियाँ होती हैं, जो यह दर्शाती हैं कि कला अनुशासन और भक्ति से ही पूर्ण होती है।

माँ शारदे की देवीय शक्ति व साधना और नटराज रूप में शिव का तांडव नृत्य सृष्टि के संतुलन का प्रतीक हैं। तांडव नृत्य केवल गति नहीं, बल्कि जीवन चक्र के सृजन, संरक्षण और संहार का दर्शन कराता है। कला साधकों के लिए नटराज प्रेरणा हैं तो माँ शारदा शक्ति और साधना का आशीर्वाद देने वाली हैं। बसंत पंचमी पर माँ शारदा और नटराज की आराधना कर कलाकार अपनी साधना को नई दिशा देते हैं। बसंत पंचमी को माँ शारदा (सरस्वती) की पूजा का विशेष महत्व है। वे ज्ञान, वाणी, संगीत और कला की अधिष्ठात्री देवी हैं। विद्वान, विद्यार्थी और कलाकार इस दिन पुस्तकों, वाद्य यंत्रों और कलाकृतियों की पूजा करते हैं। हमारी यह परंपरा बताती है कि ज्ञान और कला अहंकार नहीं, विनम्रता और समर्पण से फलती हैं। बसंत पंचमी के दिन पीले वस्त्र धारण कर पीले पुष्प और मिष्ठान माँ शारदा के चरणों में अर्पित किए जाते हैं, क्योंकि पीला रंग ऊर्जा, आशा और सृजन का प्रतीक है। कई स्थानों पर बच्चों की शिक्षा का शुभारंभ भी इसी दिन किया जाता है। यह महापर्व संदेश देता है कि जीवन में ज्ञान और कला का प्रवेश शुभ और मंगलकारी है, जिसके बिना जीवन अर्थहीन और नीरस है।

भारत की पहचान उसकी विविध कलाओं से है, जिनमें हिंदुस्तानी व कर्नाटक संगीत, नृत्यों में भरतनाट्यम, कथकली, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मणिपुरी, लोकनृत्य, लोकसंगीत और चित्रकला, मूर्तिकला, हस्तशिल्प साहित्य शामिल है। बसंत पंचमी इन सभी कलाओं को एक सूत्र में पिरोती है और कला साधकों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देती है। संपूर्ण भारत में बसंतोत्वत को एक दृष्टि में देखें तो उत्तर भारत में सरस्वती पूजा और शैक्षणिक गतिविधियाँ प्रमुख रहती हैं। पश्चिम बंगाल में यह पर्व बड़े उत्साह से मनाया जाता है, जहाँ शिक्षण संस्थानों में विशेष आयोजन होते हैं। बिहार और झारखंड में भी माँ शारदा की भव्य पूजा होती है। पंजाब में इसे पतंगोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जबकि राजस्थान और मध्यप्रदेश में लोकगीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। दक्षिण भारत में विद्या और



संगीत से जुड़े अनुष्ठान किए जाते हैं, वहीं पूर्वोत्तर राज्यों में बसंत के स्वागत के साथ लोक परंपराएँ जीवंत हो उठती हैं।

हमारी संस्कृति में बसंत पंचमी केवल एक तिथि नहीं, बल्कि कला, ज्ञान और साधना का उत्सव है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि भारतीय ज्ञान परंपरा में कला साधकों की तपस्या समाज की आत्मा को समृद्ध करती है। जब वीणा की मधुर ध्वनि, पुस्तक का मौन ज्ञान और साधक का निःस्वार्थ समर्पण एक साथ जुड़ते हैं, तभी समाज की आत्मा पुष्पित-पल्लवित होती है। हम सभी अपने भीतर छिपी रचनात्मकता, करुणा और विवेक को जाग्रत करते हुए ज्ञान व कला के पथ पर निरंतर अग्रसर रहें। माँ शारदा की कृपा से हमारी बुद्धि उज्ज्वल हो, हमारी अभिव्यक्ति सजीव बने और हमारी साधना जनकल्याण का माध्यम बने इसी भावना के साथ बसंत पंचमी का यह पावन पर्व युगों-युगों तक हमारी सांस्कृतिक चेतना को आलोकित करता रहे।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

# भारत वासियों को गर्व से भरता आर्थिक क्षेत्र में वैश्विक उभार, राज्यों का योगदान अहम्

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**
पत्रकार



**भा**रत की अर्थव्यवस्था इन दिनों वैश्विक निवेशकों की नजरों में छाई हुई है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की सामने आई 'ग्लोबल इन्वेस्टमेंट ट्रेंड्स मॉनिटर' रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2025 में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में 73 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की है। कुल 47 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आकर्षित करने वाला भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ने वाले देशों में शीर्ष पंक्ति में नजर आ रहा है।

वस्तुतः यह वृद्धि मुख्य रूप से सेवा क्षेत्र में बड़े निवेशों से प्रेरित रही, जहां वित्तीय सेवाएं, आईटी, अनुसंधान एवं विकास जैसे क्षेत्रों ने प्रमुख भूमिका निभाई। उत्पादन क्षेत्र में भी निवेश बढ़ता हुआ दिखा है। कहना होगा कि इस निवेश उछाल के पीछे केंद्र की मोदी सरकार के दूरदर्शी प्रयास दिखाई देते हैं। साल 2014 के दौरान 'मेक इन इंडिया' अभियान से ही भारत ने अपने को विनिर्माण हब बनाने की दिशा में आगे बढ़ा दिया था, जिसके कि अब 10 साल बाद सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं। क्योंकि जब इस पहल ने 25 क्षेत्रों में स्वतः अनुमोदन मार्ग से एफडीआई खोल दिया, तब कुल एफडीआई स्टॉक एक ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया। सरकार ने रक्षा, रेलवे और बीमा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भी एफडीआई सीमा 74 प्रतिशत तक बढ़ाई है। यही वजय है कि प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम ने 14 क्षेत्रों में 1.97 लाख करोड़ रुपये के प्रोत्साहन दिए, जिसके फलस्वरूप ऐपल, सैमसंग जैसी कंपनियां भारत में बड़े प्लांट लगा रही हैं। डेटा सेंटर्स के क्षेत्र में 2025 की पहली तीन तिमाहियों में ही सात अरब डॉलर का निवेश भारत आ चुका है, जिसका परिणाम यह हुआ कि ये भारत को वैश्विक सूची में सातवें स्थान पर ले गया। चौथी तिमाही में यह और तेज हुआ है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2014 से 2025 के बीच एफडीआई इक्विटी प्रवाह 7 लाख 27 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जो पूर्व यूपीए शासन के मुकाबले दोगुना है। अक्टूबर 2025 में गूगल ने आंध्र प्रदेश में एआई हब के लिए 15 अरब डॉलर का निवेश घोषित किया, जो अब जमीन पर उतारा जा रहा है। दिसंबर में माइक्रोसॉफ्ट ने एआई, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और डेटा सेंटर्स में 17.5 अरब डॉलर तथा अमेजन ने एआई एवं अन्य क्षेत्रों में 35 अरब डॉलर निवेश की पेशकश की गई है। एक तरह से देखें तो ये सभी घोषणाएं आज 'डिजिटल इंडिया' और 'नेशनल डेटा सेंटर पॉलिसी' का प्रत्यक्ष परिणाम हैं।

यहां यह भी उल्लेख करना जरूरी लगता है कि इसमें केंद्र की नीतियां जितनी प्रभावी हैं, उतने ही महत्वपूर्ण हैं राज्य सरकारों के प्रयास, जिन्होंने निवेशकों को जमीन से जोड़ने सफलता प्राप्त की। उदाहरण स्वरूप आज हम मप्र और उप्र के प्रयासों को देख सकते हैं, ऐसे ही अन्य राज्यों में पिछले दिनों हुए कार्य हैं। मध्य प्रदेश (मप्र) ने 'इन्वेस्ट मप्र' पोर्टल के माध्यम से सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया, जिससे 2025 में 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' में 420 अरब डॉलर के एमओयू साइन हुए, जिसमें डेटा सेंटर्स, सेमीकंडक्टर और रिन्यूएबल एनर्जी प्रमुख थे। भोपाल इंदौर कॉरिडोर में एचपी और फॉक्सकॉन जैसे निवेशक आ रहे हैं। मप्र ने पीएलआई स्कीम के तहत सोलर मैन्युफैक्चरिंग में 10 गीगावाट क्षमता जोड़ी, जिससे 50,000 नौकरियां सृजित हुईं। राज्य की 'नीति 25' ने भूमि बैंक तैयार किया, जिसके माध्यम से निवेशकों को तत्काल जमीन उपलब्ध हो रही है।

उत्तर प्रदेश (यूपी) ने निवेश आकर्षण में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023' के बाद 2025 में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश फलीभूत हुए। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में टॉप रैंकिंग हासिल कर उप्र ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा में डेटा सेंटर्स के लिए पांच अरब डॉलर आकर्षित किए। सेमीकंडक्टर पॉलिसी के तहत माइक्रोन ने एक अरब डॉलर का प्लांट लगाया, जबकि अदानी और हिरानंदानी ग्रुप ने सोलर प्रोजेक्ट्स में 20,000 करोड़ निवेश किया। उप्र की 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना ने एफडीआई को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाया। परिणाम स्वरूप दोनों राज्यों ने जीएसटी संग्रह में वृद्धि दर्ज की, मप्र में 20 प्रतिशत और यूपी में 25 प्रतिशत, जोकि निश्चित ही निवेश के सकारात्मक प्रभाव को दर्शा रहा है। इसी प्रकार के प्रयास अन्य राज्यों के भी कम-अधिक रहे हैं।



**वैश्विक परिदृश्य में भारत:** यही कारण है कि सामने आई ये यूएनसीटीएडी रिपोर्ट वैश्विक एफडीआई में 14 प्रतिशत वृद्धि दिखाती है, जोकि 1.6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया। इसमें डेटा सेंटर्स ने निवेश को नई दिशा दी है, कुल नए प्रोजेक्ट्स का 20 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं से जुड़ा हुआ है। एआई इंफ्रास्ट्रक्चर पर 270 अरब डॉलर से अधिक घोषित हुए। सेमीकंडक्टर में 35 प्रतिशत वृद्धि हुई। इसमें भी खास बात यह है कि ये वृद्धि वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी में 25 प्रतिशत गिरावट के सामने आने के बाद है। यहां भारत की यदि हम अन्य देशों से तुलना करें तो विकसित देशों में 43 प्रतिशत उछाल से 728 अरब डॉलर निवेश पहुंचा, किंतु विकासशील देशों में दो प्रतिशत कमी के साथ ये 877 अरब डॉलर रहा। भारत इसका अपवाद बना। चीन में तीसरे साल निवेश में गिरावट आई, आठ प्रतिशत घटकर 107.5 अरब डॉलर। वस्तुतः भारत यहां कई चुनौतियों का सामना प्लेसिबल नीतियों से करने में सफल दिखता है। चिप्स एक्ट और सेमीकंडक्टर मिशन ने ताइवान, जापान से निवेश खींचा। रिन्यूएबल एनर्जी में 500 गीगावाट लक्ष्य ने ग्रीन निवेश को बढ़ावा दिया। इस साल 2026 में भारत ने अपने लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) लक्ष्य 100 अरब डॉलर निर्धारित किया है। डिजिटल अर्थव्यवस्था जिसे लेकर भारत का सबसे अधिक भरोसा है, अनुमान है कि जीडीपी का 20 प्रतिशत योगदान देगी, इसकी कुंजी बनेगी। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट भारत को विकासशील दुनिया का चमकता सितारा बता रही है, जहां केंद्र और राज्य सहयोग मिलकर आर्थिक क्षेत्र के अनेक चमत्कार कर रहे हैं। यदि यह गति बनी रही तो कहना होगा कि भारत 2030 तक पांच ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का सपना साकार करने में सफल हो जाएगा। निश्चित ही भारत का आर्थिक क्षेत्र में ये वैश्विक उभार आज प्रत्येक भारतवासी को गर्व से भरता है।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

**हेल्थ अलर्ट**

# लगातार देर रात खाने से हो सकता है डिस्बायोसिस, लक्षण हैं गैस-अपच, नींद न आना



लगातार घंटों बैठकर काम करना, नाइट शिफ्ट, सोशल मीडिया स्क्रोलिंग और स्ट्रेस, ये आजकल की मॉडर्न लाइफस्टाइल के प्रमुख हिस्से हैं। इसके साथ खाने की चीजों और उनके पैटर्न में भी बड़ा बदलाव आया है। आजकल बिजी रूटीन की वजह से लोगों में प्रोसेस्ड फूड खाना और देर रात खाना बहुत आम हो गया है, लेकिन यह मामूली आदत नहीं है। शारदाकेयर हेल्थसिटी के रेस्पिरेटरी मेडिसिन में सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि यह आदत आपको सुविधाजनक लग सकती है। लेकिन धीरे धीरे आंतों को नुकसान पहुंचाती है। इसका बुरा प्रभाव आपके डायजेशन, इम्यून सिस्टम और पूरे शरीर की हेल्थ पर पड़ता है।

**बिगड़ जाती है रिदम:** शरीर नेचुरल सर्काडियन रिदम के मुताबिक काम करता है। इसी से डायजेशन कंट्रोल होता है। देर रात खाने से यह रिदम बिगड़ जाती है और आंतों को उस वक्त काम करना पड़ता है और इससे उन्हें आराम नहीं मिलता। जिससे आंतों का फंक्शन धीमा हो जाता है, जो कि एसिडिटी, एसिड रिफ्लक्स, पोषण कम सोखना, गैस, अपच और मेटाबॉलिक समस्याओं का कारण बनता है।लंबे समय तक टिका रहने के लिए प्रोसेस्ड फूड में रिफाइंड शुगर, अनहेल्दी फैट और कैमिकल्स होते हैं। इसमें फाइबर और पोषक तत्व नहीं होते। ऐसे खाने से गट में मौजूद हेल्दी बैक्टीरिया कम होते हैं और अनहेल्दी बैक्टीरिया बढ़ने लगता है। गट बैक्टीरिया के इस असंतुलन को डिस्बायोसिस कहा जाता है, जिससे आंतों की अंदरुनी दीवार कमजोर हो सकती है। इसमें सूजन बढ़ सकती है और इम्यून सिस्टम पर बुरा असर पड़ सकता है। रिसर्च के अनुसार ज्यादा प्रोसेस्ड फूड लेने से आईबीएस, मोटापा और मूड डिसऑर्डर का खतरा बढ़ता है।

**खराब गट हेल्थ का असर:** गट हेल्थ खराब होने से केवल डायजेशन पर फर्क नहीं पड़ता है। यह आपके दिमागी स्वास्थ्य और इम्यून सिस्टम को भी कमजोर करता है। इम्यूनिटी कम होने से बार बार इंफेक्शन का खतरा, हॉर्मोन असंतुलन, नींद की दिक्कत और वजन बढ़ने की परेशानी हो सकती है। बचने के लिए फाइबर से भरे फल, सब्जी, दाल, साबुत अनाज जैसे व्होल फूड खाएं। देर रात ना खाएं और सोने से कम से कम 2-3 घंटे पहले खाएं। प्रोसेस्ड फूड की जगह ताजा और पौष्टिक खाना खाएं। पर्याप्त पानी, दही, छाछ, केफिर-किमची जैसे फर्मेंटेड फूड खाएं।

## सुविचार

'हर अजनबी में एक सबक छिपा होता है,
बस देखने की नज़र चाहिए।'
-अज्ञात

## निशाना

### सफ़ेद कबूतर पिंजरे में..!



**अनिल कुमार साकेत**

न्यूयॉर्क के तट पर खड़ा, वो कांच का महल महान,
जहाँ सूट-बूट में तय होता है, दुनिया का 'कल्याण'।
भीतर एयर-कंडीशन है, बाहर जलता है जहान,
मिस्टर चेयरमैन पूछ रहे हैं, 'कैसा है आज का
जलपान?' 'गाज़ा की गलियों में जब, बारूद बरसता है,
यूक्रेन के मलबे में, जब जीवन तरसता है।
तब परिषद की बैठक में, बस एक कागज हिलता है,
'हम चिंतित हैं, बहुत चिंतित,' यही उत्तर मिलता है।
वीटो का लाल बटन, है जादू की एक छड़ी,
रूस दबाए या अमेरिका, लग जाती है हथकड़ी।
न्याय की देवी रोती है, चौखट के उस पार,
अंदर पांच चौधरी करते, अपनी-अपनी सरकार।
सूडान में भूख है, और बच्चों की चीखें हैं,
पर यहाँ चर्चा है कि, 'अल्पविराम' कितने सटीक हैं।
'युद्धविराम' लिखें या 'विराम', इस पर बहस जारी है,
मरने वाले मर गए, अब लंच की तैयारी है।
शांतिदूत सब मौन हैं, फाइलों में दबे हुए,
सफेद कबूतर भी अब, पिंजरों में सजे हुए।

**विद्या दायिनी**

# सरस्वती माता की हैं कुछ प्रिय राशियां, जिन पर रहती है देवी की विशेष कृपा

**मां** सरस्वती को ज्ञान की देवी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि मां सरस्वती की पूजा अर्चना करने से व्यक्ति के जीवन में ज्ञान का प्रकाश होता है और खूब मान सम्मान मिलता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मां सरस्वती की कुछ प्रिय राशियां हैं जिनपर उनकी हमेशा विशेष कृपा बनी रहती है। जिस वजह से इन राशियों का आध्यात्मिक और कलात्मक क्षेत्रों के प्रति अधिक झुकाव रहता है। आइए जानते हैं मां सरस्वती की प्रिय राशियां कौन सी हैं।

**वृषभ:** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, वृषभ राशि के स्वामी शुक्र हैं। वृषभ राशि के जातक कला प्रेमी और रचनात्मक होते हैं। साथ ही इनके अंदर प्रतिनिधित्व क्षमता भी काफी अच्छी होती है जिस वजह से माता सरस्वती को यह राशि काफी प्रिय बोता है। मां सरस्वती की कृपा से इस राशि के जातक बुद्धि और शिक्षा के स्तर में बहुत अच्छे होते हैं।

**मिथुन:** मिथुन राशि के स्वामी बुध ग्रह हैं। जो बुद्धि, तर्क, वाणी और संवाद के कारक हैं। मां सरस्वती विद्या, ज्ञान और बुद्धि की देवी हैं। साथ ही बुध ग्रह भी वाणी और बुद्धि का कारक ग्रह है। ऐसे में मिथुन राशि के जातकों पर भी मां सरस्वती की विशेष कृपा रहती है। साथ ही मिथुन राशि के लोग ज्ञान प्राप्त करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

**कन्या:** कन्या राशि के स्वामी बुध ग्रह हैं। वहीं, ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, कन्या राशि के स्वामी बुध ग्रह हैं और बुध के प्रभाव के कारण कन्या राशि के जातकों के अंदर किसी भी नई चीज को सीखने के इच्छा हमेशा बनी रहती हैं। इनके इसे गुण के कारण मां सरस्वती को कन्या राशि प्रिय है।

**तुला:** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मां सरस्वती की प्रिय राशियों में से एक तुला राशि भी हैं। दरअसल, तुला राशि के स्वामी शुक्र ग्रह हैं। तुला राशि के जातक कला और संगीत प्रेमी होती हैं। मां सरस्वती भी संगीत की देवी है इसलिए मां सरस्वती की इस राशि के जातकों पर विशेष कृपा रहती है।





**धनु:** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, धनु राशि के स्वामी गुरु हैं यह राशि ज्ञान, आध्यात्मिकता और खोज की तरफ अधिक रुझान कहता है। धनु राशि के जातक ज्ञान पाने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस राशि के जातकों की धार्मिक कार्यों में अधिक रुचि रहती है। जिस वजह से यह राशि भी मां सरस्वती की प्रिय राशियों में से एक हैं।

**मीन:** ज्योतिष शास्त्र में मीन राशि के स्वामी गुरु ग्रह हैं। मीन राशि स्वामी गुरु के कारण मीन राशि के जातकों का स्वभाव अध्यात्मिकता की तरफ अधिक होता है। इसी कारण इस राशि पर मां सरस्वती की विशेष कृपा मीन राशि के लोगों पर रहती है। मां सरस्वती की कृपा से इस राशि के लोग ज्ञान आसानी से हासिल कर लेते हैं।

**अजब - गजब**

# 12 हज़ार साल पहले भी 'सुपर फिट' था इंसान, कंकाल से मिला मजबूती का सबूत

**इतिहास** के पन्नों में कई ऐसे रहस्य दबे हुए हैं, जिन्हें आज की आधुनिक तकनीक धीरे-धीरे उजागर कर रही है। हम अक्सर सोचते हैं कि हजारों साल पहले का इंसान कमजोर या बीमार रहा होगा, लेकिन हाल ही में हुई एक खोज ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। वैज्ञानिकों को एक ऐसे शख्स का कंकाल मिला है, जो करीब 12,000 साल पहले धरती पर रहता था। ताज्जुब की बात यह है कि उस शख्स का न केवल स्वास्थ्य बेहतर था, बल्कि उसके दांत आज के इंसानों से भी कहीं ज्यादा मजबूत थे. दक्षिण अमेरिका में पाया गया यह अब तक का सबसे पुराना मानव कंकाल है, जिसे 'मैन ऑफ लॉस विलोस' नाम दिया गया है। पुरातत्वविद सीजर मेंडेज के अनुसार, इस कंकाल की खोज चिली के कोकिम्बो क्षेत्र में 'लॉस रिएलेस' नामक पुरातात्विक स्थल पर हुई थी।



दिलचस्प बात यह है कि यह खोज किसी सोची-समझी खुदाई का हिस्सा नहीं थी, बल्कि सीवेज पाइपलाइनों को बिछाने के काम के दौरान अचानक सामने आई। खुदाई में मिला यह कंकाल एक 'शेल मिडन' (पुराने समय के शिकारियों द्वारा फेंके गए सीपों का ढेर) के नीचे दबा हुआ था। मेंडेज ने बताया कि यह शख्स सीपों की परत के नीचे करवट होकर लेटा था। वैज्ञानिक विश्लेषण से पता चला है कि मौत के समय इस व्यक्ति की उम्र 40 से 45 वर्ष के बीच रही होगी. उस दौर के हिसाब से यह एक लंबी और स्वस्थ उम्र मानी जा सकती है। वह पूरी तरह फिट था और उसके दांतों की मजबूती एक्सपर्ट्स को हैरान कर रही है। जांच में यह भी पाया गया कि वह एक टूटी हुई पसली के दर्द से भी उबर चुका था, यानी उसके शरीर में घावों को भरने की अद्भुत क्षमता थी। उसकी डाइट का विश्लेषण करने पर पता चला कि वह मुख्य रूप से मछली और सीफूड पर निर्भर था।

सीजर मेंडेज ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उस व्यक्ति के शरीर में नाइट्रोजन का स्तर काफी उच्च था, जो अक्सर उन लोगों में पाया जाता है जो समुद्री भोजन का अधिक सेवन करते हैं। वह संभवतः सी लायंस और मछलियों का शिकार करना बखूबी जानता था। इतना ही नहीं, यह वह दौर था जब धरती पर विशालकाय 'नोटोमास्टोडन प्लैटेंसिस' (हाथियों के पूर्वज) भी मौजूद थे। हालांकि, तब तक ये विशाल जीव विलुप्ति की कगार पर थे, इसलिए वे इस व्यक्ति के भोजन का मुख्य हिस्सा नहीं थे। हैरानी की बात यह है कि 12,000 साल पहले रहने वाला यह 'होमो सेपियन्स सेपियन्स' शारीरिक और मानसिक रूप से आज के इंसानों से बहुत अलग नहीं था। मेंडेज का कहना है कि उसमें वे सभी शारीरिक, संज्ञानात्मक और भावनात्मक क्षमताएं थीं जो आज हममें हैं।

## न्यूज विंडो

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्र का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन



**इटारसी।** शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एक प्रतिभाशाली छात्र का 69वीं राष्ट्रीय शालेय 19 वर्ष बालक/बालिका प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 30 जनवरी 2026 से 2 फरवरी 2026 तक नागपुर ( महाराष्ट्र) में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता से पूर्व चयनित खिलाड़ियों के लिए निःशुल्क राष्ट्रीय कोचिंग शिविर का आयोजन 23 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक टीकमगढ़ में किया जाएगा, जिसमें छात्र प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। इस उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का वातावरण रहा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दीपक अठोत्रा , संस्था प्राचार्य एन. पी. चौधरी , उप-प्राचार्य श्री उपेंद्र साहू जी खेल शिक्षक आलोक चौधरी तथा विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं विजय की अग्रिम बधाई दी।

### वसंत पंचमी पर निकली खाटू श्याम की पालकी एवं निशान यात्रा



**गंजबासौदा।** आज सुबह बसंत पंचमी के मौके पर श्याम प्रेमी भक्तों द्वारा विशेष उल्लास और आस्था के साथ श्री खाटू श्याम जी की भव्य पालकी एवं निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा श्री हनुमान मंदिर, हनुमान चौक से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गों जयस्तंभ चौक, अंबेडकर चौक, नेहरू चौक, रेलवे स्टेशन, मराठा वाली गली मील रोड होते हुए चक्क स्वरूप नगर मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान गाजे बाजे के साथ श्याम नाम की गूंज, रंग-बिरंगे निशानों की शोभा और सजी-धजी पालकी की भव्यता से पूरा नगर भक्तिरस में डूबा नजर आया। मार्ग में जगह जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर बाबा श्याम का स्वागत किया। आयोजकों ने बताया कि यात्रा समापन के उपरांत बाबा श्री श्याम जी की वाघा प्रसादी का वितरण किया गया।

### हिंदू सम्मेलन की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा



**मंडीदीप।** मंडीदीप शहर में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सकल हिंदू समाज द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। गुरुवार को आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य तैयारियों का जायजा लेने पहुचे एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव व एसडीओपी शीला सुराणा व सीएमओ प्रशांत जैन व थाना प्रभारी सतलापुर विजय त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने आयोजन समिति के सदस्यों से विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस सम्मेलन में 50 हजार से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके लिए पुरे नगर मे जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, जात-पात के भेदभाव को समाप्त करना एवं संगठित और जागरूक हिंदू समाज का निर्माण करना है। समिति के सदस्यों ने बताया कि बसंत पंचमी पर यह समाज की एकजुटता का प्रतीक बनेगा।

### नगर में चारों तरफ साफ-सफाई के अभाव में कचरे का लगा अंबार



**मंडीदीप।** औद्योगिक क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सराकियां क्षेत्र में तैनात दो सफाई कर्मचारियों में से नंदू नामक कर्मचारी लगातार ड्यूटी में लापरवाही कर रहा है, जिससे गांव की सड़कों पर कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग गए हैं। स्थानीय निवासियों को गंदगी, दुर्गंध और मच्छर-मक्खियों से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नंदू नियमित रूप से सफाई नहीं करता और शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नगर पालिका के प्रभारी सफाई अमला जावेद खान ने कहा कि सफाई कर्मचारी की शिकायतें मिली हैं और जल्द ही उचित कार्यवाही की जाएगी

### बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**गंजबासौदा।** बरेठ रोड स्थित माय स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देश की विविध संस्कृति के रंग, मंच पर बिखेरे इस कार्यक्रम में धार्मिक एवं राष्ट्रीयता से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सुभाष निकेतन परिसर में इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रजज्वलन एवं पूजन कर किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में भारती निकेतन के प्रबंधक दिग्विजय सिंह चौहान ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति से हुआ इसके बाद छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। बड़ी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भी देश की विविध लोक संस्कृति के दर्शन अपने सामूहिक नृत्य के माध्यम से कराया। बच्चों ने भगवान राम के जीवन पर आधारित एक नृत्य नाटिका की भी प्रस्तुति दी, वही नौ देवी के रूपों को भी प्रदर्शित किया।

#### बाइक चोरों को पकड़ने में मिली बड़ी सफलता

# रेलवे पुलिस ने दो लोगों से बरामद की चोरी की पांच मोटरसाइकिलें

**इटारसी।। दोपहर मेट्रो**

रेल्वे प्लेटफार्म एवं सर्कुलेटिंग एरिया में यात्रियों की मोटर साइकिलों की चोरी के मामलों से परेशान जीआरपी के लिए मुखबिरी तंत्र एक बार फिर रामबाण साबित हुआ है। मुखबिर से मिले इनपुट के आधार जीआरपी ने 2 आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इनमें से एक आरोपी नाबालिग है। दोनों से करीब सवा 4 लाख रूपये कीमत की 5 बाइकों को बरामद किया गया।

जीआरपी थाने के अनुसार फरियादी रोहन पिता ओमप्रकाश पवार उम्र 27 बर्ष निवासी डीआरपी लाइन नर्मदापुरम 10 जनवरी को अपने दोस्त एवं भाई को ट्रेन में बैठाने हेतु रेल्वे स्टेशन नर्मदापुरम आया था । फरियादी द्वारा रेल्वे स्टेशन नर्मदापुरम में स्प्लेंडर मोटर सायकल प्लेटफार्म नं 2 के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में खड़ी कर दी थी। अपने भाई एवं दोस्त को ट्रेन में बैठाने प्लेटफार्म के बाद जब वह वापस आया तो सर्कुलेटिंग एरिया में खड़ी मोटर सायकल नहीं थी, कोई अज्ञात बदमाश बाइक चोरी कर ले गया था। फरियादी द्वारा जीआरपी चौकी नर्मदापुरम में मोटर साइकल चोरी होने की रिपोर्ट की गई थी। प्रकरण में मोटर साइकिलों की लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राहुल लोढ़ा द्वारा मामले को संज्ञान मे लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय चौकसे को अज्ञात आरोपी व चोरी गई मोटर



साइकिल की बरामदगी हेतु विशेष निर्देश देकर एक विशेष टीम गठित की गई। प्रकरण की विवेचना के दौरान 21 जनवरी को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि रामजी बाबा के मंदिर नर्मदापुरम के पास दो अज्ञात व्यक्ति आने- जाने वाले व्यक्तियों से कम पैसे में मोटर साइकिल बेचने की बातें कर रहे है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये पते पर पहुंचकर कर मुखबिर की निशादेही पर दो व्यक्तियों को घेरा बंदी कर पकड़ा गया। उनमें एक का नाम बसंत चौहान पिता वीर सिंह चौहान उम्र 24 बर्ष निवासी वार्ड नं 02 रेहटी जिला सीहोर था और दूसरा 17 बर्ष का नाबालिक था। जिनसे पास में खड़ी 2 मोटर साइकिल के बारें में पूछने पर उक्त दोनों मोटर साइकिलें अलग -अलग समय पर रेल्वे स्टेशन नर्मदापुरम के सर्कुलेटिंग एरिया से चोरी करना बताया। उनका मिलान अपराधों में चोरी गई मोटर साइकिल से करने पर उनका रिकॉर्ड थाने में मिल गया। आरोपी बसंत चौहान द्वारा पूछताछ में चोरी की तीन अन्य मोटर साइकिलें अपने घर रखी होना बताने पर आरोपी के घर से तीन स्प्लेंडर मोटर साइकिलें और जप्त की गई। बाद दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर जेएमएफ़सी न्यायालय नर्मदापुरम पेश किया गया ।

### विद्युत लोको शेड कटनी ने इटारसी को किया पराजित



**इटारसी। दोपहर मेट्रो**

विद्युत लोको शेड इटारसी द्वारा आयोजित पश्चिम मध्य रेल अंतर लोको शेड लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के प्रथम संस्करण का समापन गुरुवार को विद्युत लोको शेड इटारसी एवं विद्युत लोको शेड कटनी के मध्य खेले गए फाइनल मुकाबले के उपरांत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। फाइनल मैच में कटनी टीम के कप्तान शिवम् त्रिपाठी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और विद्युत लोको शेड इटारसी की टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इटारसी की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 111 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कटनी की टीम ने रोमांचक मुकाबले में अंतिम ओवर में 5 विकेट शेष रहते हुए लक्ष्य प्राप्त कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। पश्चिम मध्य रेल अंतर लोको शेड लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंधोपाध्याय उपस्थित रहीं। उन्होंने मैदान पर उपस्थित खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा सभी का अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल रेल प्रबंधक, भोपाल पंकज त्यागी एवं प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर मुकेश भी मंचासीन रहे। महाप्रबंधक श्री बंधोपाध्याय ने खिलाड़ियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि खेल आयोजनों से आपसी समन्वय बढ़ता है।

## सड़क हादसे में शिक्षक की मौत



**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**

घटेरा रीछई तिराहा पर अज्ञात वाहन की टक्कर से शिक्षक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार रसूलपुर निवासी 55 वर्षीय शिक्षक रामरतन अहिरवार देहलाखेड़ी स्कूल से घर वापिस बाइक से आ रहे थे। इस दौरान घटेरा रीछई तिराहा पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से भाग निकला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायल शिक्षक को त्योंदा शासकीय अस्पताल लाया गया। लेकिन उनकी हालत इतनी नाजुक थी कि डॉक्टर ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन व बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। बताया गया कि शिक्षक रामरतन अहिरवार देहलाखेड़ी के शासकीय स्कूल में पदस्थ थे। जहां से वापिस अपने घर आ रहे थे। इस दौरान सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## सांसद ने सड़क परिवहन मंत्रालय की बैठक में उठाईं कई मांगें

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

संसद की सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक गुरुवार को यशोभूमि, द्वारका में आयोजित हुई। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने बैठक में मध्य प्रदेश के बुनियादी ढांचे और सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अहम सुझाव दिए।बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने की, जिसमें राज्य मंत्री अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा भी मौजूद रहे। श्रीमती नारोलिया ने नर्मदापुरम्-खंडवा मार्ग ( हरदा के रास्ते ) को नेशनल हाईवे का दर्जा देकर फोरलेन बनाने की मांग की। उन्होंने भोपाल-औबेदुल्लागंज को सिक्स-लेन तथा औबेदुल्लागंज-नागपुर हाईवे पर बरेठा और मरामझिरी घाटी को फोरलेन करने का सुझाव दिया।बुदनी-इटारसी खंड में खनिज क्षेत्र के कारण ओवरलोड ट्रकों की भारी आवाजाही को देखते हुए उन्होंने सर्विस रोड को डामर के बजाय सीमेंट कंक्रीट




बनाने पर जोर दिया। श्रीमती नारोलिया ने नर्मदा मॉडल पेश करते हुए प्रदेश स्तर पर सेंटर फॉर रोड सेफ्टी की स्थापना का प्रस्ताव रखा। सड़क सुरक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करना सहित अन्य मांगे शामिल हैं।

#### 'कृति उड़ गए दिवस पखेरू' पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए शहरवासी

## लुप्त होती परंपराओं को उजागर करती है ये पुस्तक: दांगी

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

उड़ गए दिवस पखेरू कृति अतीत के गौरव और वर्तमान की पीड़ा के बीच भविष्य के सुनहरे सपने बुनने का काम करती है। यह कृति ग्रामीण समाज और परिवेश का सजीव चित्र खींचती है। यह बात वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद की प्रथम कृति उड़ गए दिवस पखेरू के विमोचन के अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री माधव सिंह दांगी ने कही। उन्होंने कहा कि पूर्व का ग्रामीण समाज बहुत ही संवेदनशील और मर्यादित था। वहां भावनाओं और संबंधों का आदर था। लोग परस्पर प्रेम से रहते थे। यह पुस्तक ऐसी कई परंपराओं को उजागर करती है, जो अब लुप्त सी हो रही हैं।

पुस्तक की समीक्षा करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार अशोक जमनानी ने कहा कि ये किताब गांव की त्रासदी को बयान करती है। हमारे देश में सात लाख से अधिक गांव हैं और इतनी ही सांस्कृतिक विविधता भी। ये किताब हमें ऐसे गांव में लेकर जाती है। गांव में देने का भाव है और शहर में भोग की लालसा। प्रमोद शर्मा की यह कृति मनुष्य के दिल, दिमाग और पेट को अपने स्थान पर



अपने कार्य करने का संकेत भी करती है।

विशिष्ट अतिथि विधायक विजय पाल सिंह ने कहा कि पुस्तक हमे अतीत के दिनों में लेकर जाती है, वह हमारे बचपन की सैर कराती हुई लगती है। उन्होंने कहा कि इसकी बातें अनुभव सिद्ध लगती है। समेरिटंस ग्रुप के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा ने कहा कि गांव भगवान ने बनाए जबकि शहर इंसानों ने। पुस्तक बहुत सी सरल और सरस है। वास्तव में साहित्य वही होता है, जो सहजता से बिना परिश्रम से लिखा जाए। लेखक प्रमोद शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि यह पुस्तक पूर्व पीढ़ी का प्रसाद है जो वे वर्तमान और आने वाली पीढ़ी को सौंप रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में हमारे संबंध कहीं खो गए हैं, आज उन्हें पुनः तलाशने की जरूरत है। कार्यक्रम को जगन्नाथ मंदिर के गुरु जी बाबा जी प्रसाद दास, पूर्व विधायक प गिरिजा शंकर शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में गुरुजी प्रकाश चंद्र उपाध्याय, शिवम् शेलम समिति के सचिव संतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, लेखक की माताजी भगवती देवी, सहित समेरिटंस विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, गणमान्य नागरिक, साहित्यकार, पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश शर्मा ने किया जबकि आभार प्रेरणा रावत के व्यक्त किया। कार्यक्रम में कविता लेखन प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि अतिथि का सम्मान शाल श्री फल देकर किया गया। आज रामलला प्राण प्रतिष्ठा दिवस होने के उपलक्ष्य में बच्चों द्वारा भगवान राम के जीवन चरित्र पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई।

## जनप्रतिनिधियों ने सुनी जनता की फरियाद, समस्याओं का तत्काल कराया निराकरण

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

सप्ताह मे एक दिन प्रति गुरुवार आयोजित जनसुनवाई में गुरुवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और सभापति पार्षद निर्मला हंसराय व प्रेमा पंकज पांडेय ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने मोबाइल पर ही कई शिकायतों का त्वरित समाधान कराया।कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव व मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर यह जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। आज विभिन्न समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की गई।कोरीघाट क्षेत्र की महिलाओं ने शिकायत की कि इलाके में अवैध %टप% (ठेले) खड़े हैं, जहां आवारा युवक इकट्ठा होते हैं और मोहल्लेवासी परेशान हैं। नपाध्यक्ष ने फोन पर अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा, आधा दर्जन लोगों ने राशनकार्ड से नाम हटवाए, जबकि वार्ड 15 के निवासियों की सफाई व्यवस्था की शिकायत पर टीम को रवाना किया गया।

**मेट्रो एंकर**

#### ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी पत्रकारिता विश्वविद्यालय पहुंचकर भावी पत्रकारों से मिले

# मीडिया के चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में अवसरों की कोई कमी नहीं: तिवारी

**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**

अब सांदीपनि स्कूलों के नाम से पहचाने जा रहे सीएम राइज स्कूलों और अन्य हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के लिए भोपाल में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि आकर्षण का केंद्र बन गया है। सिरोंज-लटेरी क्षेत्र के आठ स्कूलों के दो सौ से अधिक विद्यार्थी देश के सबसे बड़े और एशिया के पहले पत्रकारिता विश्वविद्यालय में पहुँचे और भावी पत्रकारों से मिले।

उन्होंने पत्रकारिता विश्वविद्यालय का केवल नाम सुना था। कुछ तो पहली बार ही भोपाल आए। माखनपुरम परिसर में सौ साल की सौ घटनाओं पर केंद्रित फ्रंट पेज कवरेज प्रदर्शनी सदी साक्षी है देखकर वे भारत और मीडिया के इतिहास से रूबरू हुए। कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि वे स्वयं विदिशा जिले के एक



गाँव से इसी विश्वविद्यालय में पढ़ने आए थे और यहीं से निकले विद्यार्थी देश भर के अखबारों, रेडियो चैनलों, विज्ञापन एजेंसियों और टीवी न्यूज चैनलों में जाते हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया के चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में अवसरों की कोई कमी नहीं है। अपने करिअर के श्रेष्ठ विकल्प के रूप में इसे चुना जाना चाहिए। देश के प्रसिद्ध कार्टूनिस्टों की कार्टून कृतियों ने इन विद्यार्थियों को देर तक रोके रखा। अब तक उन्होंने अखबार में खबरें पढ़ी थीं या टीवी पर देखी थीं। लेकिन विश्वविद्यालय में आकर वे अभिभूत हुए कि यहाँ से निकले विद्यार्थी ही देश भर के मीडिया संस्थानों में काम करते हैं। अखबारों में छपते हैं, रेडियो पर सुनाई देते हैं, विज्ञापन बनाते हैं और टीवी पर दिखते हैं। प्राचार्य महेश ताम्रकार ने बताया कि लंबे से यह योजना थी कि बच्चों को देश के सबसे बड़े मीडिया विश्वविद्यालय की सैर कराई जाए। हो सकता है इनमें से कुछ भविष्य में यहीं आकर पढ़ना चाहें। विद्यार्थी यहाँ आकर बहुत प्रसन्न हुए और उन्हें खबरों के पीछे की कई नई जानकारियां मिलीं। विश्वविद्यालय की ओर से गजेंद्र अवास्या और मनीषा वर्मा ने उन्हें परिसर में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। प्रायोगिक अखबार विकल्प और पहल के विशेषांक बताए। 23 जनवरी को कुरवाई विकासखंड के सवा सौ विद्यार्थी परिसर का भ्रमण करेंगे।

# पानी की गुणवत्ता परखने के लिए अभियान चलाकर एक माह में जांच पूरी करें: राजपूत

## जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक आयोजित

**सागर। दोपहर मेट्रो**

जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभा कक्ष में अध्यक्ष जिला पंचायत हीरा सिंह राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, उपाध्यक्ष जिला पंचायत, जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्ष जनपद पंचायत एवं जिले के अधिकारी उपस्थित थे।

साधारण सभा के दौरान अध्यक्ष राजपूत ने विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि नल जल योजनाओ के माध्यम से प्रदाय जल की गुणवत्ता परीक्षण हेतु जिले में अभियान चलाकर जल की गुणवत्ता की जाँच 1 माह में पूर्ण करायी जावे। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना में आवास प्लस 2.0 अंतर्गत जो नाम जोडे गये है उनका सत्यापन 31 जनवरी 2026 तक किया जाए। ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत स्कूल, आंगनबाड़ी एवं अन्य शासकीय संस्थाओं में साफ सफाई सुनिश्चित की जाए, इससे 15वां वित्त आयोग अंतर्गत स्वच्छता मद की राशि उपयोग किया जाए। जिला,जनपद स्तर पर समितियों की बैठक नियमित की जावे। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभागों में संचालित होने वाली योजनाओं की जानकारी सदस्यों को दी जावें एवं प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए।



कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि किसानों को खाद की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित की जावें। मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना अंतर्गत चयनित हितग्राहियों की सूची सदन को 3 दिवस उपलब्ध कराएं। इसी प्रकार आदिम जाति विभाग की समीक्षा के दौरान बस्ती विकास योजना अंतर्गत प्रदाय प्रस्ताव कार्य योजना में जोड़े जाने हेतु निर्देशित किया जिस संबंध में सहायक, आयुक्त आदिम जाति द्वारा अवगत कराया गया कि सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी प्रस्ताव कार्यालय को प्राप्त हुए हैं। वर्ष 2025-26 की तैयार होने वाली कार्ययोजना में शामिल कर प्रस्ताव प्रभारी मंत्री को प्रेषित किये जा चुके हैं।

## न्यूज विंडो

### विधायक गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, बिलासपुर बना विजेता



**बुढार।** स्थानीय स्व.कुशाभाऊ ठाकरे खेल मैदान में आयोजित अखिल भारतीय स्तर के विधायक गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया। 9 दिनों तक चले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से आई 10 शीर्ष टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के हर मुकाबले में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया, जिससे यह प्रतियोगिता लंबे समय तक खेलप्रेमियों की यादों में बनी रहेगी।टूर्नामेंट में फाइनल मैच रेलवे बिलासपुर और नागपुर की टीमों के बीच खेला गया । नागपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ने 20 ओवरों में 5 विकटों पर 179 रनों का स्कोर खड़ा किया , बिलासपुर की ओर से बल्लेबाज नयन राजकुमार ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 66 रन बनाए , बल्लेबाज पवन और इरफान ने 27-27 रनों का योगदान दिया , जीत के लिए 180 रनों का पीछा करते हुए नागपुर के सलामी बल्लेबाजों ने अपनी टीम के लिए तेजी से रन जुटाते हुए शानदार शुरुआत दी , नागपुर की ओर से सलामी बल्लेबाज राठी ने 38 और अमित यादव ने 31 रन बनाए , सलामी बल्लेबाजों के आउट होते ही बिलासपुर की टीम बिखर गई और मध्यक्रम तथा पुछल्ले बल्लेबाज कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए और नागपुर की टीम अपने बीस ओवरों में 9 विकटों पर 160 रन ही बना सकी । बिलासपुर की टीम ने इस फाइनल मैच को 19 रनों से जीत लिया। बिलासपुर की टीम के विक्रांत सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया , जिन्हें बुढार नगर परिषद के युवा पार्षद हर्ष पाठक ने पुरस्कृत किया।

### एसआईआर में गड़बड़ी का आरोप, पूर्व मंत्री साधौ ने एसडीएम से की शिकायत



**महेश्वर।** महेश्वर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को लेकर कांग्रेस ने गंभीर गड़बड़ियों के आरोप लगाए हैं। इसी को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ शुक्रवार को कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचीं और एसडीएम पूर्वा मंडलोई को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई। डॉ. साधौ ने बताया कि मतदाता सूची के प्रथम प्रकाशन के बाद 22 जनवरी तक दावे एवं आपत्तियां ली जा रही हैं, लेकिन इस प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ही व्यक्ति द्वारा 100 से अधिक मतदाताओं के नामों पर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं, जो संदेहास्पद है। कांग्रेस का कहना है कि महेश्वर क्षेत्र के पहाड़ पट्टी के गांव रमजानपुरा और प्रेमपुरा में वर्षों से निवासरत लोगों के नामों पर आपत्तियां लगाई जा रही हैं। आरोप है कि एक विशेष धर्म समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। कई मामलों में प्रारूप-7 में झूठी जानकारी भरकर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। डॉ. साधौ ने यह भी दावा किया कि कुछ आपत्तिकर्ता महेश्वर क्षेत्र के निवासी नहीं हैं। मोबाइल पर संपर्क करने पर कुछ लोगों ने आपत्ति दर्ज कराने से ही इनकार किया, जबकि एक आपत्तिकर्ता इंदौर का निवासी पाया गया। पूर्व मंत्री ने कलेक्टर से मांग की है कि रिटर्निंग अधिकारी आपत्तिकर्ताओं की पूरी सूची सार्वजनिक करें और यदि आपत्तियां झूठी पाई जाती हैं तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

## सड़क सुरक्षा के लिए सड़कों पर उतरे कलेक्टर-एसपी

# चौराहों पर ट्रैफिक सुधारने, ब्लैक स्पॉट्स खत्म करने के लिए बनाए एक्शन प्लान

**सागर। दोपहर मेट्रो**

शहर की यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर संदीप जीआर और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहवाल ने संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न संवेदनशील चौराहों और ब्लैक स्पॉट्स का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के कड़े निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहगुनिया, सेव लाइफ फाउंडेशन से गौतम सिंह, साहिल, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट विभाग के अधिकारी मौजूद थे. निरीक्षण की शुरुआत शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से हुई। उन्होंने कबूला पुल, गढ़पहरा चौराहा,गढ़पहरा रोड से रानीपुरा ओवर ब्रिज तक का निरीक्षण किया। कलेक्टर संदीप जीआर ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण , लोक निर्माण विभाग और मध्य प्रदेश सड़क डेवलपमेंट विभाग के इंजीनियरों को निर्देश दिए कि सड़कों की बनावट में मौजूद तकनीकी खामियों को तुरंत दुरुस्त किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कों के मोड़ पर विजिबिलिटी (दृश्यता) बढ़ाने के लिए रिफ्लेक्टर, रेडियम बोर्ड और उचित संकेतक लगाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि रानीपुर में बन रहे बाईपास के ओवर ब्रिज को गढ़पेहरा तिराहे से आगे और जोड़ने के लिए डीपीआर तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिये कि तत्काल इस मार्ग पर संकेतक लगाएं और ओवर ब्रिज के 200 मीटर दूर से संकेतक के माध्यम से जानकारी दें और स्पीड ब्रेकर भी बनाएं। कलेक्टर ने स्मार्ट सिटी के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों का उपयोग केवल अपराध नियंत्रण ही नहीं, बल्कि ट्रैफिक मॉनिटरिंग के लिए भी प्रभावी ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो वाहन चालक यातायात नियमों जैसे रेड लाइट जंप करना या गलत दिशा में वाहन चलाना करते पाए जाते हैं, उनके खिलाफ सीधे ई-चालान की प्रक्रिया तेज की जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों का जीवन अनमोल है और सुरक्षित सफर उनकी प्राथमिकता है। प्रशासन और पुलिस का यह संयुक्त अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि सागर को एक्सीडेंट फ्री जिला बनाया जा सके।



### अतिक्रमण और अवैध पार्किंग पर होगी सख्त कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल ने यातायात प्रबंधन का जायजा लेते हुए कहा कि सड़कों पर यातायात के दबाव को कम करने के लिए अवैध पार्किंग और अतिक्रमण को हटाया जाना अनिवार्य है। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौराहों पर बेतरतीब खड़े होने वाले वाहनों को हटाया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात भी एसपी ने कही। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उन विशिष्ट स्थानों (ब्लैक स्पॉट्स) का सूक्ष्मता से विश्लेषण किया जहाँ बार-बार हादसे होते हैं। इन स्थानों पर गति अवरोधक मानक के अनुसार रंबल स्ट्रिप्स और स्पीड ब्रेकर्स का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, हाई-मास्ट लाइटों की स्थापना करने के निर्देश दिए।

## आंदोलन की चेतावनी

### गंदा पानी पीने को मजबूर हैं वार्डवासी

**औबेदुल्लागंज। दोपहर मेट्रो**

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद भी स्थानीय प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। ताजा मामला रायसेन जिले की भोजपुर विधानसभा के नगर परिषद औबेदुल्लागंज का है, जहाँ वार्ड 3 खिल्लीखेड़ा की महिलाओं ने गंदे पानी की समस्या को लेकर नगर परिषद में जमकर हल्ला बोला और सीएमओ को ज्ञापन सौंपा।



वार्डवासियों का आरोप है कि पिछले एक महीने से नलों में अत्यधिक दूषित और बदबूदार पानी की सप्लाई हो रही है। शिकायतों के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ, जिसके चलते ग्रामीण महिलाएं और युवा अब सीधे परिषद कार्यालय पहुँच गए। महिलाओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि वे वर्तमान में खेतों की मोटरों से पानी लाकर प्यास बुझाने को मजबूर हैं। महिलाओं ने सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला करते हुए पूछा कि क्या सरकार इंदौर की उस घटना से सबक नहीं ले रही, जहां दूषित पानी ने 25 लोगों की जान ले ली। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं की गई और दोषी कर्मचारियों पर कार्यवाही नहीं हुई, तो वे उग्र जन आंदोलन करेंगे। स्थानीय प्रशासन की यह अनदेखी किसी बड़ी बीमारी या जनहानि को न्योता दे रही है,अब देखना यह है कि सीएमओ इस हल्ला बोल के बाद कोई ठोस कदम उठाते हैं या वार्डवासी यूं ही गंदा पानी पीने को विवश रहेंगे।

## धनगौर हाई स्कूल में निरीक्षण के दौरान मिलीं अनियमितताएं

# तेंदूखेड़ा ब्लॉक में 11 विद्यालयों पर निगरानी परीक्षा के परिणामों में सुधार के दिए निर्देश

**तेंदूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**

जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में कक्षा दसवीं, के परीक्षा परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक विकासखंड में कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में बटियागढ़ एवं तेंदूखेड़ा ब्लॉक के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्रभावी कार्य योजना तैयार की गई, जिसे संपूर्ण जिले में लागू किया गया है।



इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी नितेश कुमार पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत चयनित शिक्षकों की विशेष टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें विद्यालयों में जाकर पूरे दिन विद्यार्थियों के साथ रुककर विषयवार प्रश्नपत्रों का अभ्यास (पेपर सॉल्व) करवा रही हैं, ताकि छात्रों की शैक्षणिक कमजोरियों को दूर किया जा सके। तेंदूखेड़ा ब्लॉक में ऐसे 11 विद्यालयों का चयन किया गया है, जिनका गत वर्ष परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं रहा था और इस वर्ष भी परिणाम प्रभावित होने की आशंका थी। इन विद्यालयों को विशेष फोकस में रखा गया है। योजना के तहत आवश्यकता अनुसार रविवार को भी विद्यालय संचालन, अतिरिक्त कक्षाएं एवं परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान धनगौर हाईस्कूल की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दोपहर लगभग 12-00 बजे विद्यालय का निरीक्षण किया गया, उस समय प्राचार्य उपस्थित नहीं थे तथा प्राचार्य कक्ष में ताला लगा पाया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय परिसर में राष्ट्रगान को बैनर से ढका हुआ पाया गया, जो नियमों का उल्लंघन है, क्योंकि राष्ट्रगान को ढकना वर्जित है। उक्त अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दो सदस्यीय जांच दल गठित किया गया है, जो पूरे मामले की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। साथ ही ग्रामीणों से भी विद्यालय के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिन पर भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करते हुए परीक्षा परिणाम में सुधार लाना है।

## राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह आज नर्मदापुरम में

**इटारसी।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने बताया कि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह नर्मदापुरम जिले के सुहागपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कांमती में आज दोपहर 1 बजे ग्राम वासियों के बीच बैठकर ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी गठन की प्रक्रिया में भाग लेंगे एवं ग्राम वासियों से संवाद करेंगे। आगे जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे ने कहा की जिले की सभी ग्राम पंचायत में कांग्रेस कमेटी के गठन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी। और इस प्रक्रिया में प्रदेश के अनेक वरिष्ठ नेता जिले के अनेक ग्रामो में पहुंचकर इस प्रक्रिया में भाग लेंगे सुहागपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुधीर ठाकुर ने समस्त कांग्रेस जनों से अधिक से अधिक संख्या में शुक्रवार दोपहर 1 बजे ग्राम कांमती पहुंचने की अपील की है। यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने कहां कि जिले में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी के गठन से जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी निश्चित ही आने वाले समय में जिले में कांग्रेस का परचम लहराएगा।






## मेट्रो एंकर

### निबौरा गांव बना सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल

# ग्रामीणों ने मुस्लिम समाज की बेटी का कराया निकाह

**तेंदूखेड़ा/दमोह। दोपहर मेट्रो**

तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत अजीतपुर के आश्रित ग्राम निबौरा से सांप्रदायिक सौहार्द की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर सामने आई है। यहां यादव बाहुल्य गांव में ग्रामीणों ने मिलकर अपने गांव की एकमात्र मुस्लिम समाज की बेटी नजमा खान का निकाह पूरे उत्साह और रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया। नजमा के पिता गुड्डू खान मजदूरी के लिए अक्सर बाहर रहते हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। पूरे गांव में यह एक मात्र मुस्लिम परिवार है, लेकिन वर्षों से यहां के लोग बिना किसी भेदभाव के आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं। जब नजमा की शादी तेजगढ़ के शाहिद खान से तय हुई तो ग्रामीणों ने तय किया कि वे मिलकर इस बेटी को विदा करेंगे।



शादी की सभी तैयारियां ग्रामीण रामराज यादव के घर से की गईं बुधवार को जब तेजगढ़ से बारात निबौरा पहुंची तो सरपंच प्रतिनिधि राजेश यादव, मधु यादव और अन्य ग्रामीणों ने बारातियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरी शादी के दौरान गांव के हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभाई और आशीर्वाद दिया।

### भाईचारे का संदेश

विदाई के समय रामराज यादव और अन्य ग्रामीणों ने नजमा को अपनी ही बेटी की तरह विदा किया। इस मौके पर मौजूद तेजगढ़ के पूर्व सरपंच फरमान खान ने कहा कि निबौरा के ग्रामीणों ने इंसानियत की जो मिसाल पेश की है, वह समाज के लिए एक बड़ा संदेश है। सरपंच प्रतिनिधि राजेश यादव ने भी कहा कि प्रेम और सद्भाव ही असली धर्म है यह शादी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है, जहां लोगों ने साबित कर दिया कि रिश्तों की डोर धर्म की दीवारों से कहीं ज्यादा मजबूत होती है।

### बांग्लादेश का विश्वकप से हटने का फैसला

# सरकार की जिद पर क्रिकेट की कुर्बानी बीसीबी की आय 60% घटने की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बांग्लादेश क्रिकेट अपने इतिहास के सबसे बड़े संकट के मुहाने पर खड़ा है। सरकार के सलाहकार आसिफ नजरुल के सख्त रुख और राष्ट्रीय प्रतिष्ठा से जुड़े फैसले के चलते बांग्लादेश का टी20 विश्व कप 2026 से हटना लगभग तय माना जा रहा है। इस अभूतपूर्व हालात का असर सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इससे बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को करोड़ों का आर्थिक झटका लग सकता है, जबकि खिलाड़ी अपने करियर के सबसे अहम मौके से वंचित होने की कगार पर हैं।

दरअसल, बांग्लादेश अपनी हठ पर कायम है और आईसीसी के अल्टीमेटम के बावजूद उसने एक बार फिर दोहराया है कि वह भारत में टी20 विश्व कप के मैच नहीं खेलेगा। ढाका में गुरुवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों की अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल के साथ बैठक हुई। इस बैठक के बाद बीसीबी के अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम बुलबुल ने बताया कि उनका रुख स्पष्ट है। बैठक के बाद बीसीबी अध्यक्ष अमिनुल ने कहा, हम लगातार आईसीसी से संपर्क जारी रखेंगे। बांग्लादेश विश्व कप में खेलना चाहता है, लेकिन वे अपने मैच भारत में नहीं खेलेगा। हम लगातार लड़ाई जारी रखेंगे। आईसीसी बोर्ड की बैठक में कई आश्चर्यजनक फैसले हुए। मुस्तफिजुर का मामला एकमात्र मामला नहीं है। इसे लेकर एकमात्र फैसला भारत ले रहा है। अमिनुल ने कहा, आईसीसी ने भारत से बाहर मैच आयोजित करने के हमारे अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। हमें विश्व क्रिकेट की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसकी लोकप्रियता घट रही है। उन्होंने दो करोड़ लोगों को कैद कर रखा है। क्रिकेट ओलंपिक में शामिल होने जा रहा है, लेकिन अगर हमारे जैसा देश वहां नहीं जा रहा है, तो यह आईसीसी की विफलता है। उन्होंने हमें 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन वैश्विक संस्था ऐसा नहीं करती हैं। आईसीसी श्रीलंका को सह-मेजबान कह रहा है। वे सह-मेजबान नहीं हैं। यह एक हाइब्रिड मॉडल है।




### बांग्लादेश को अब भी उम्मीद

बांग्लादेश की अंतरिम सरकरार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा, हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमें श्रीलंका में खेलने का मौका देगी। भारत न जाने का फैसला हमारी सरकार ने लिया है। हालांकि हमारे क्रिकेटरों ने विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने के लिए कड़ी मेहनत की है लेकिन भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा का खतरा अब भी बना हुआ है। यह चिंता किसी काल्पनिक विश्लेषण पर आधारित नहीं है। हम अब भी उम्मीद नहीं छोड़ रहे हैं। हमारी टीम तैयार है। हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमारे वास्तविक सुरक्षा जोखिमों पर विचार करके हमें श्रीलंका में खेलने की इजाजत देकर न्याय करेगा।

### बीसीबी को भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है

सूत्रों के मुताबिक, इस फैसले की भारी आर्थिक कीमत भी चुकानी पड़ सकती है। आईसीसी से मिलने वाली सालाना आय के तौर पर बीसीबी को करीब 325 करोड़ बांग्लादेशी टका (लगभग 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का नुकसान हो सकता है। इसके अलावा प्रसारण अधिकार, प्रायोजन और अन्य स्रोतों से होने वाली कमाई भी घटेगी। कुल मिलाकर मौजूदा वित्तीय वर्ष में बीसीबी की आय 60 प्रतिशत या उससे ज्यादा तक गिर सकती है।

### आसिफ नजरुल ने बनाया बीसीबी पर दबाव?

सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, आज जब खिलाड़ियों की बैठक आसिफ नजरुल से हुई, तो ज्यादातर बात वही करते रहे। बुलबुल भाई कभी-कभार ही बोले। खिलाड़ी लगभग चुप रहे। वरिष्ठ खिलाड़ियों को लगता है कि अगर तमिम इकबाल जैसे कद के खिलाड़ी के साथ अपमान हो सकता है, तो उनके लिए हालात और भी खराब हो सकते हैं। बताया गया कि बैठक के बाद बुलबुल बेहद निराश दिखे, क्योंकि वे नजरुल को मनाने में नाकाम रहे। बुलबुल ने कहा, ऐसे हालात में, जब यह कहा जा रहा है कि बांग्लादेश विश्व कप नहीं जाएगा या हमें अल्टीमेटम मिला है, हम फिर भी विश्व कप खेलने की पूरी कोशिश करेंगे। हालांकि, प्रेस कॉन्फ्रेंस देखने वालों का मानना है कि उनके शब्दों में आत्मविश्वास की कमी साफ झलक रही थी। बांग्लादेश क्रिकेट जगत में भी बुलबुल की छवि को झटका लगा है। कई लोगों को उम्मीद थी कि वे आईसीसी में अपने पुराने संपर्कों का इस्तेमाल कर मैचों को श्रीलंका स्थानांतरित कराने की कोशिश करेंगे। सूत्र के मुताबिक, बुलबुल भाई दस साल तक आईसीसी के गेम डेवलपमेंट ऑफिसर रहे हैं। वे आईसीसी में सबको जानते हैं, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि अंतिम बोर्ड मीटिंग में वे बिल्कुल अलग-थलग पड़ गए। पाकिस्तान के औपचारिक समर्थन के अलावा कोई उनके साथ नहीं था। यहां तक कि श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने भी समर्थन नहीं किया।

### लुट गए पैसे डबल के चक्कर में !

# बाबर, मोहम्मद रिजवान समेत आधी पाक टीम के साथ एक अरब की ठगी




**कराची, एजेंसी**

पूर्व कप्तान बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाजी की अगुआई करने वाले शाहीन शाह अफरीदी सहित पाकिस्तान के कई शीर्ष क्रिकेटर कथित तौर पर एक 'पोंजी स्कीम' का शिकार हो गए हैं जिसमें उन्हें करोड़ों रुपये का नुकसान हो सकता है। एक सूत्र ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों का कहना है कि यह मामला पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के संज्ञान में आ गया है और बोर्ड इस कथित वित्तीय घोटाले की जांच कर रहा है।

### पाकिस्तानी छोड़कर भागा कारोबारी

सूत्र के अनुसार करीब एक दर्जन मौजूदा खिलाड़ियों (जिनमें फखर जमां, शादाब खान और अन्य खिलाड़ी शामिल हैं) के साथ एक पूर्व टेस्ट कप्तान ने भी एक पाकिस्तानी कारोबारी के पास बड़ी रकम निवेश की थी और अब यह व्यवसायी देश छोड़कर जा चुका है।

### फोन उठाना किया बंद

जब प्रभावित खिलाड़ियों ने उससे संपर्क किया तो कारोबारी ने कथित तौर पर यह दावा किया कि उसे भारी नुकसान हुआ है, जिसमें खिलाड़ियों की निवेश राशि और उसकी अपनी पूंजी भी शामिल है, उसने कहा कि वह पैसा लौटाने की स्थिति में नहीं है। सूत्र ने कहा, 'इसके बाद उसने फोन कॉल और संदेशों का जवाब देना बंद कर दिया और देश छोड़कर चला गया।'

कई खिलाड़ियों ने अपनी व्यक्तिगत बचत ही नहीं बल्कि रिश्तेदारों और करीबी सहयोगियों की रकम भी इसमें निवेश कर दी थी। सूत्र ने कहा, 'यह मूल रूप से एक 'पोंजी योजना' (पिरामिड बिक्री योजना) थी जिसमें नुकसान होने लगा। अब इन खिलाड़ियों के सामने करोड़ों रुपये गंवाने का खतरा है।' सूत्र के अनुसार क्रिकेटरों और उनके सहयोगियों द्वारा निवेश की गई कुल राशि एक अरब रुपये से भी अधिक हो सकती है।

# भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश ने गुयेन को हराया, फेडोसीव ने एरिगेसी को चौंकाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**





विश्व चैंपियन डी गुकेश ने लगातार चार ड्रॉ मुकाबलों के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन को हराकर पहली जीत दर्ज की। वहीं, अर्जुन एरिगेसी को स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के हाथों चौंकाने वाली हार झेलनी पड़ी। एरिगेसी ने इस हार के कारण अपनी संयुक्त बढ़त गंवा दी। शुरुआती विश्राम दिवस से ठीक पहले मिली इस जीत के साथ गुकेश ने पांच में से तीन अंक हासिल कर लिए और तीन खिलाड़ियों से पीछे संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए।

अमेरिका के हांस नीमन और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा, जबकि अब्दुसत्तोरोव के हमवतन और विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव ने कड़ी टक्कर के बाद युवा यागिज काआन एरदोगमुस को हराया। तीन खिलाड़ी 3.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं, जबकि गुकेश फेडोसीव और नीदरलैंड के खिलाड़ी जॉर्डन वान फोरेस्ट के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।

114 खिलाड़ियों के 13 दौर वाले इस टूर्नामेंट में अभी नौ दौर बाकी हैं। एरिगेसी 2.5 अंकों के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। वह दो अन्य भारतीयों अरविंद चिदंबरम और आर. प्रज्ञानंद से एक अंक आगे हैं। गुकेश ने काले मोहरों से दबाव के बीच 51 चाल में जीत दर्ज करने के बाद कहा कि यह एक अच्छी जद्दोजहद थी। इस विश्व चैंपियन ने यह भी कहा कि वह अगर पहले दौर में सिंदारोव के खिलाफ बेहद मामूली अंतर से जीत से नहीं चूकते तो लगातार चार ड्रॉ से उनकी धीमी शुरुआत कहीं बेहतर हो सकती थी। उन्होंने कहा, मुझे पहला मुकाबला जीतना चाहिए था, लेकिन बहुत ही कम अंतर से चूक गया।

### दूसरा टी-20 मुकाबला आज : रायपुर में पहली बार खेलेगा न्यूजीलैंड

### रायपुर की पिच पर गेंद पुरानी होने के साथ स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद

# अक्षर पटेल का खेलना मुश्किल, आज कुलदीप यादव को मिल सकता है मौका

**रायपुर, एजेंसी**



भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच टी-20 मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला आज रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेला जाएगा। टॉस शाम 6:30 बजे होगा और मैच 7:00 बजे से शुरू होगा। टीम इंडिया पहले वनडे में जीत के साथ सीरीज में 1-0 से आगे है।

पहले मैच में चोटिल हुए स्पिन-ऑलराउंडर अक्षर पटेल का आज का मुकाबला खेलना मुश्किल माना जा रहा है। ऐसे में भारतीय टीम की प्लेइंग-इलेवन में बदलाव तय है। अगर टीम मैनेजमेंट पिच को ध्यान में रखता है, तो चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव को मौका मिल सकता है। रायपुर की पिच पर गेंद पुरानी होने के साथ स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है। भारतीय टीम हेड टु हेड रिकॉर्ड में न्यूजीलैंड से आगे है। टीम ने 48 फीसदी मैच जीते हैं, जबकि 53 फीसदी मैच गंवाए हैं। दोनों टीमों के बीच अब तक 28 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं। इनमें से 15 मैच भारतीय टीम ने जीते, जबकि कीवियों ने 10 जीते हैं। 2 मैच का रिजल्ट नहीं निकल सका और 1 मैच टाई रहा। होम वैन्यूज पर भारतीय टीम की जीत का प्रतिशत ज्यादा है। टीम ने घर में 66त्न मैच जीते हैं। टीम ने 12 में से 8 मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि 4 में उसे हार झेलनी पड़ी है।

### अभिषेक भारत के टॉप स्कोरर

अभिषेक शर्मा सीरीज में भारत के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने एक मैच में 84 रन बनाए हैं। अभिषेक पिछले साल भी भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वहीं, गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती ने दो मैचों में दो विकेट लिए हैं।

### डफी ने न्यूजीलैंड के लिए 2 विकेट लिए

न्यूजीलैंड के लिए सीरीज में अब तक ग्लेन फिलिप्स और जैकब डफी सबसे असरदार खिलाड़ी साबित हुए हैं। बल्लेबाजी में फिलिप्स ने पहले मैच में 78 रन की पारी खेली है, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 195.00 रहा। वहीं, गेंदबाजी में डफी ने दो विकेट अपने नाम किए।

**पिच रिपोर्ट** : रायपुर की यह पिच बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए संतुलित रहने की उम्मीद है। मैच की शुरुआत में बल्लेबाजों को मदद मिल सकती है और रन बनाना थोड़ा आसान रहेगा। नई गेंद से तेज गेंदबाजों को स्विंग और अतिरिक्त उछाल मिलने की संभावना है।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

### सुनील शेट्टी ने कंफर्म किया बेटे का ब्रेकअप

# बोले- वो सिंगल है, बाप बनेगा तो पता चलेगा...



सिनेमाप्रेमी बेसब्री से बॉर्डर 2 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। बस अब कुछ घंटों का इंतजार और आज फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार है। फिल्म रिलीज से पहले बॉर्डर एक्टर सुनील शेट्टी नर्वस और इमोशनल नजर आ रहे हैं। उनकी ये धक-धक बनती है, क्योंकि बॉर्डर 2 में उनके बेटे अहान शेट्टी लीड रोल में हैं। पब्लिक रिव्यू में अहान कितने नंबर पाते हैं, इसके लिए फिल्म देखनी होगी। पर उससे पहले सुनील शेट्टी ने बेटे की निजी जिंदगी और स्वभाव पर खुलकर बात की है। सुनील शेट्टी कहते हैं कि अहान निजी जिंदगी में काफी शांत स्वभाव के हैं। जूम संग बातचीत में उन्होंने कहा कि वो रियल है, बहुत ज्यादा रियल है। उसकी आवाज शानदार है, पर्सनालिटी कमाल की है। वो अपनी स्क्रिप्ट्स और फिल्में बहुत समझदारी से चुनता है। मैं इंपल्सिव हूं, थोड़ा ज्यादा इमोशनल हूं और वो तो मुझसे कहीं ज्यादा हैंडसम है। सुनील शेट्टी ने आगे कहा कि अहान मुझसे कहीं ज्यादा विनम्र है। घर पर हम उसे जेन बॉय कहते हैं। उसका माइंडसेट वैसा ही है। वो बहुत शांत रहता है, घबराता नहीं है। शायद इसलिए क्योंकि वो अभी सिंगल है। एक बार पिता बन गया, तो चीजें बदल जाएंगी। जब शादी हो जाती है और बच्चे आ जाते हैं, तो जिंदगी में सब कुछ बदल जाता है। सुनील शेट्टी ने ये भी बताया कि अहान को बॉर्डर 2 साइन करने की वजह से मौके गंवाने पड़े। एक्टर ने बताया, उसे फिल्मों से हटा दिया गया और फिर इल्जाम लगाया गया।

### फैशन डिजाइनर तान्या को डेट करते थे अहान

अहान को सिंगल बताकर सुनील शेट्टी ने कंफर्म दिया कि उनके बेटे का तान्या श्रॉफ से ब्रेकअप हो चुका है। पहले अहान फैशन डिजाइनर तान्या को डेट कर रहे थे। तान्या शेट्टी फैमिली की हर खुशी में शामिल होती थीं। इनका रिश्ता 11 साल बाद नवंबर 2023 के आसपास टूटा था। दोनों बचपन के दोस्त थे और एक ही स्कूल में पढ़े हैं। हालांकि, अहान और तान्या ने कभी अपने ब्रेकअप पर बात नहीं की।

### रियाद की लड़की को जूही चावला की बेटी कह रहे लोग

# मोहतरमा ने दिखाया अपनी मां का चेहरा, बताया सच भी





इंटरनेट हमेशा सेलेब्स के फैंस को चौंकाता रहता है। हर स्क्रॉल पर कुछ न कुछ दिलचस्प मिल ही जाता है, चाहे वो वायरल ट्रेंड्स हों, चौंकाने वाले फैक्ट हों, अजीबोगरीब वीडियो हों या हमशक्ल। इंटरनेट पर हलचल मचाने वाला नया मामला इंस्टाग्राम यूजर द ट्विनटर्नेट का है, जिसकी बॉलीवुड एक्ट्रेस जूही चावला से मिलती-जुलती शक्ल ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। इतना ही नहीं, कई लोग तो ये भी कयास लगा रहे हैं कि कहीं वो एक्ट्रेस की बेटी तो नहीं है। तुलना को लेकर आ रहे कमेंट्स की बाढ़ के बाद, द ट्विनटर्नेट% ने सोशल मीडिया पर आकर जूही चावला की हमशक्ल कहे जाने पर रिएक्ट किया। उन्होंने बताया कि वो जूही चावला की बेटी नहीं हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने ये भी जरूर बताया कि उनकी मां अपने समय की फैशन आइकन थीं। उन्होंने अपनी मां की कुछ पुरानी तस्वीरें भी शेयर कीं। इन तस्वीरों पर जूही की नजर पड़ी और उन्होंने पोस्ट को लाइक किया। एक और वीडियो में, द ट्विनटर्नेट ने जूही चावला की नकल करते हुए उनकी सिग्नेचर स्माइल और एक्सप्रेशंस को दोहराया है और बताया है कि इंटरनेट पर लोग उनकी तुलना जूही चावला से कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस तुलना ने उन्हें वायरल होने में मदद की है और खुद जूही चावला ने भी उस पोस्ट को लाइक किया है जिसमें द ट्विनटर्नेट ने अपनी समानता के बारे में बात की है। रियाद में रहने वाली ट्विनटर्नेट इंटरनेट पर कई सारे रील्स बनाकर शेयर करती हैं। उनके इंस्टाग्राम हैंडल से एक दिलचस्प बात सामने आती है। उनकी एक जुड़वा बहन है। हालांकि उनकी जुड़वां बहन उनसे मिलती-जुलती नहीं है, और न ही 90 की एक्ट्रेस जूही चावला से।



**मेट्रो बाजार**

# भारत में बढ़ रहा दुनिया का विश्वास, वैश्विक कंपनियां कर रहीं विस्तार : अश्विनी वैष्णव

**दावोस।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर तेजी से विश्वास बढ़ रहा है और दिग्गज अंतरराष्ट्रीय कंपनियां और निवेशक देश में अपने ऑपरेशंस का विस्तार कर रहे हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के साइडलाइन में हुई बैठक में वैष्णव ने कहा कि भारत की विकास यात्रा, सुधार और भविष्य के लिए तैयार इन्फ्रास्ट्रक्चर ग्लोबल लीडर्स का अपनी ओर ध्यान खींच रहा है। उन्होंने कहा कि दावोस में हुई चर्चाओं से स्पष्ट रूप से यह झलका कि वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत को एक भरोसेमंद और विश्वसनीय भागीदार के रूप में देखा जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैश्विक लॉजिस्टिक्स कंपनी मार्सक, जहाजरानी, ??बंदरगाहों और रेलवे सहित लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए भारत के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि चर्चा में सेमीकंडक्टर से संबंधित सामग्रियों में सहयोग पर भी बात हुई, जो भारत के दीर्घकालिक विनिर्माण और प्रौद्योगिकी लक्ष्यों के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है। वैष्णव ने कहा, मार्सक भारत के साथ जहाजरानी, बंदरगाहों, रेलवे और सेमीकंडक्टर सामग्रियों सहित लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए संयुक्त रूप से सहयोग कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, हनीवेल भारत के साथ रेलवे आधुनिकीकरण में साझेदारी कर रहा है।

# अदाणी टोटल गैस का मुनाफा तीसरी तिमाही में 11 प्रतिशत बढ़ा; आय 1,600 करोड़ के पार

**अहमदाबाद।** अदाणी टोटल गैस (एटीजीएल) ने गुरुवार को वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किए। कंपनी का मुनाफा अक्टूबर-दिसंबर अवधि में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 159 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 142.38 करोड़ रुपए था। मुनाफे के साथ कंपनी की आय में भी जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिली है। यह वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 1,631 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 1,397.35 करोड़ रुपए थी। एटीजीएल के सीईओ और ईडी सुरेश पी. मंगलानी ने कहा, एटीजीएल टीम ने एक और तिमाही में मजबूत प्रदर्शन किया है, जिसमें मात्रा, राजस्व और ईबीआईटीडीए में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। मंगलानी ने आगे कहा, एपीएम गैस की निरंतर कम उपलब्धता और हेनरी हब से जुड़े आरएलएनजी की ऊंची कीमतों के बावजूद, हमारी विविध सोर्सिंग रणनीति ने हमें गैस बास्केट को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने और अपने सभी ग्राहकों को पीएनजी और सीएनजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने में सक्षम बनाया है। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में, एटीजीएल की सीएनजी और पीएनजी की संयुक्त उत्पादन मात्रा 289 मिलियन मानक घन मीटर (एमएमएससीएम) तक पहुंच गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने 18 नए सीएनजी स्टेशन जोड़े, जिससे उसका कुल नेटवर्क 680 हो गया, जबकि पीएनजी के घरेलू कनेक्शन बढ़कर 10.5 लाख हो गए, इस तिमाही के दौरान 34,000 से अधिक नए घरों को कंपनी के पीएनजी नेटवर्क से जोड़ा गया।





## त्रिवेणी पर उमड़ी भारी भीड़

# श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**प्रयागराज।** प्रयागराज के संगम पर आज सुबह माघ मेला में वसंत पंचमी स्नान पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। घने कोहरे और ठंड को मात देते हुए श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। दोपहर 12 बजे तक लगभग 2 करोड़ 10 लाख लोगों ने पवित्र संगम में स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। अगले चार दिनों में साढ़े तीन करोड़ भक्तों के पहुंचने का अनुमान है।

### ट्रंप के 'बोर्ड ऑफ पीस' में PAK की एंट्री से बवाल, पाकिस्तानी बोले- फिर शर्मसार किया

# शांति बोर्ड में शामिल होकर घिरे शहबाज विपक्ष बोला- क्या अब नेतन्याहू संग बैठेंगे

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

अमेरिका के साथ गलबहियां करने के चक्कर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने ही घर में सवालों के बीच घिर गए हैं। उन्हें विपक्ष की कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड की अध्यक्षता में बने शांति बोर्ड में शामिल होने के लिए शरीफ ने शरीफ ने हस्ताक्षर किए। पाकिस्तान समेत 19 देशों के नेताओं ने दावोस में इस समूह के चार्टर के रूप में अपना-अपना नाम दर्ज कराया। इस दौरान जब शहबाज का हस्ताक्षर करने का वक्त आया तो वह ट्रंप के बगल में बैठक मुस्कुराते नजर आए। हालांकि, इस फैसले ने पाकिस्तान के अंदर बवाल मचा दिया।

शांति बोर्ड बनाने का विचार सबसे पहले गाजा युद्ध के दौरान आया, जब अमेरिकी ने अपनी शांति योजना को पेश किया। यह बोर्ड गाजा में शांति की निगरानी करने के लिए बनाया गया। लेकिन यह बोर्ड अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के समाधान के लिए एक मध्यस्थ की भूमिका की दिशा में आगे बढ़ता दिख रहा है। बताया जा रहा है कि ट्रंप इसके माध्यम से अपना खुद का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) बना रहे हैं।

विपक्षी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष गोहर अली खान ने इस फैसले पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ



ने किसी परामर्श के शांति बोर्ड में शामिल होने का फैसला किया। उन्होंने कहा, कल विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह शांति बोर्ड में शामिल हो गया है। सरकार ने संसद को नजरअंदाज किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शांति बोर्ड में शामिल होने से पहले उसकी शर्तों के बारे में संसद को बताया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, क्या आप हमास को निरस्त्र करने में भूमिका निभाएंगे? अगर यह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का कोई निकाय होता, तो सरकार खुद से कदम उठा सकती थी। लेकिन शांति बोर्ड कोई यूएन का निकाय नहीं है।

पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन की खबर के मुताबिक, पीटीआई के वरिष्ठ नेता असद कैसर ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार ने इतने संवेदनशील मुद्दे पर सर्वसम्मति से फैसला लेने की जहमत नहीं उठाई। उन्हें इस पर संसद में चर्चा करना चाहिए थी, ताकि विश्व समुदाय में यह धारणा बने कि पाकिस्तान में लोकतंत्र है।

जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) के प्रमुख फजलुर रहमान ने भी इस फैसले की कड़ी आलोचना की।उन्होंने हमास को निरस्त्र करने के किसी भी अभियान का हिस्सा बनने के खिलाफ चेतावनी दी।पाकिस्तान की संसद में रहमान ने कहा कि फलस्तीनियों की दुर्दशा के लिए जिमेदार लोग शांति बोर्ड का हिस्सा हैं।

### दावोस से वॉशिंगटन लौटे राष्ट्रपति ट्रंप, बोले- शांति बोर्ड के साथ काम करे संयुक्त राष्ट्र

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में हिस्सा लेने के बाद वॉशिंगटन डीसी लौटे। इस दौरान उन्होंने कहा कि शांति बोर्ड ऐसी पहल है, जैसी दुनिया ने पहले कभी नहीं देखी- बेहद खास। ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र (यूएन) को गाजा और अन्य संघर्षों पर बने नए शांति बोर्ड के साथ काम करने की जरूरत है। उन्होंने तर्क दिया कि यह वैश्विक संस्था अपनी क्षमता के अनुरूप काम नहीं कर पाई है और यह नई पहल संयुक्त राष्ट्र के लिए अच्छी चीज हो सकती है।

## अविमुक्तेश्वरानंद बोले- वसंत पंचमी स्नान नहीं करूंगा

**प्रयागराज।** प्रयागराज में अविमुक्तेश्वरानंद और माघ मेला प्रशासन के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। इसी बीच, अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- जब तक प्रशासन माफी नहीं मांगता, तब तक मैं वसंत पंचमी का स्नान नहीं करूंगा। प्रशासन सिर्फ नोटिस-नोटिस का खेल खेल रहा है। अभी मेरा मौनी अमावस्या का स्नान नहीं हुआ है, तो मैं वसंत का स्नान कैसे कर लूं? हालांकि, सीएम योगी ने अविमुक्तेश्वरानंद का नाम लिए बिना कहा- किसी को परंपरा बाधित करने का हक नहीं। ऐसे तमाम कालनेमि हैं, जो धर्म की आड़ में सनातन धर्म को कमजोर करने की साजिश रच रहे हैं। हमें ऐसे लोगों से सतर्क रहना होगा।



### सनातन की रक्षा के लिए एकजुट हों: रामदेव

प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े विवाद पर भी बाबा रामदेव ने प्रतिक्रिया दी। कहा कि तीर्थ स्थलों पर किसी भी शंकराचार्य या साधु को विवाद नहीं करना चाहिए। आपसी विवाद से सनातन का अपयश होता है। हमें आपस में नहीं लड़ना चाहिए, बल्कि सनातन की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए।

### चित्रकूट का मामला: एनकाउंटर में आरोपी ढेर

# 40 लाख फिरौती न मिलने पर व्यापारी के बेटे की हत्या



**चित्रकूट, एजेंसी**

बरगढ़ कस्बे में कपड़ा व्यापारी के 13 वर्षीय पुत्र का अपहरण कर 40 लाख फिरौती न मिलने पर अपहर्ताओं न उसकी हत्या कर दी गई। किशोर का शव सुबह घर से कुछ दूर खून से लथपथ अवस्था में मिला।

पुलिस व अपहरणकर्ताओं के बीच मुठभेड़ में प्रयागराज के कर्मा का रहने वाला एक आरोपित कल्लू गोली लगने से ढेर हो गया, जबकि दूसरे इरफान के पैर में गोली लगी है। तीसरा भाग निकला। सभी आरोपित कर्मा के ही रहने वाले हैं। घटना से नाराज लोग झांसी-मीरजापुर हाईवे पर जाम लगाकर नारेबाजी कर रहे हैं।

बरगढ़ बाजार में कपड़े की दुकान चलाने वाले अशोक कुमार केसरवानी का पुत्र आयुष गुरुवार शाम करीब छह बजे कोचिंग पढ़ने गया था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। स्वजन ने अपने स्तर से उसकी तलाश शुरू की। देर शाम करीब नौ बजे अपहरणकर्ताओं ने फोन कर 40 लाख रुपये की फिरौती की मांग की।

घबराए परिजनों ने पुलिस को बताया। पुलिस के सक्रिय होते ही अपहरणकर्ताओं ने किशोर की हत्या कर दी। शुक्रवार सुबह करीब चार आयुष का शव मिलने के बाद इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर हैं।

## न्यूज विंडो

### बांग्लादेश के पूर्व मंत्री ने कहा- हॉरर फिल्म से भी भयानक हैं हिंदुओं पर हमले

**ढाका।** बांग्लादेश में पिछले कुछ महीनों से चल रही राजनीतिक उथल-पुथल, विरोध प्रदर्शनों और हिंसा के बीच अगले महीने फरवरी में आम चुनाव होने जा रहे हैं। इस चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को प्रतिबंधित कर दिया गया है। ऐसे में बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री और शेख हसीना के करीबी सहयोगी हसन महमूद ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार केवल एक मुखौटा है, जिसे पाकिस्तान समर्थित तत्व चला रहे हैं। दरअसल, एनडीटीवी को दिए इंटरव्यू में शेख हसीना की अवामी लीग के वरिष्ठ नेता हसन महमूद ने कहा कि 12 फरवरी के चुनाव की विश्वसनीयता ही संदेह के घेरे में है।



### 900 से ज्यादा भारतीय कैदियों की सजा माफ करने का एलान

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के बीच रिश्ते में एक और सकारात्मक कदम देखने को मिल रहा है। UAE सरकार ने नेशनल डे से पहले 900 से ज्यादा भारतीय कैदियों को रिहा करने का फैसला लिया है। इसके लिए अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास को रिहा करने वाले कैदियों की लिस्ट सौंप दी है। दरअसल, UAE सरकार ने जेल में बंद 900 से अधिक भारतीय नागरिकों को रिहा करने का निर्णय अपने 'नेशनल डे' (ईद अल इतिहाद) के उपलक्ष्य में मानवीय आधार पर लिया है। पिछले साल 27 नवंबर को UAE प्रेसिडेंट ने अपनी वेबसाइट पर शेयर किए गए एक ऑफिशियल ऑर्डर में बताया था कि ईद अल एतिहाद से पहले 2937 कैदियों को रिहा किया गया है। बताते चले कि ईद अल एतिहाद 2 दिसंबर को UAE का नेशनल सेलिब्रेशन है। यह समारोह हर साल 2 दिसंबर को मनाया जाता है और यह 1971 में सात अमीरात के एकीकरण की याद दिलाता है।

## अमेरिकी अधिकारियों ने हिरासत में लिया 5 साल का बच्चा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में फेडरल एजेंट पांच साल के लड़के को उसके पिता के साथ डिटेंशन सेंटर ले गए। स्कूल अधिकारियों का कहना है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ, जब इमिग्रेशन एजेंट्स ने किसी पांच साल के बच्चे को हिरासत में लिया हो, यह बच्चा मिनियापोलिस के अपने सबर्ब का चौथा स्टूडेंट बन गया है जिसे हाल के हफ्तों में इमिग्रेशन एजेंट्स ने हिरासत में लिया है।

अमेरिका की पूर्व उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस ने भी पांच साल के बच्चे के डिटेन किए जाने पर आपत्ति जताई है। कमला हैरिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'लियाम रामोस तो बस एक बच्चा है। उसे अपने परिवार के साथ घर पर होना चाहिए, न कि ICE के जरिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए और टेक्सास के डिटेंशन सेंटर में रखा जाना चाहिए। मैं बहुत गुस्से में हूं और आप लोगों को भी होना चाहिए।' कोलंबिया हाइट्स पब्लिक स्कूल की सुपरिटेंडेंट जेना स्टेनविक ने रिपोर्टर्स को बताया कि फेडरल एजेंट मंगलवार दोपहर को लियाम कोनेजो रामोस को परिवार के ड्राइववे में खड़ी कार से ले गए।'स्कूल सुपरिटेंडेंट ने आगे बताया, 'एजेंट्स ने उससे कहा कि वह अपने घर का दरवाजा खटखटाए ताकि पता चल सके कि अंदर और लोग हैं या नहीं, असल में 5 साल के बच्चे को केवल जाल बिछाने के लिए इस्तेमाल किया गया।

# पाकिस्तान हरकतें करता है फिर भी भारत ने बाढ़ में मदद की: भागवत

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान के नागौर जिले के छोटी खाटू कस्बे में 162वां मर्यादा महोत्सव के शुभारंभ के पूर्व दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि भारत दुनिया को मर्यादा सिखाने के लिए सदैव ही तत्पर रहा है। हम सभी प्राचीन काल से ही संतों के पास मर्यादा पालन व ज्ञान के लिए जाते रहे हैं। हम सभी संघ स्थान पर लाठी सीखते हैं लेकिन लाठी क्यों रखें, इसका प्रयोग कब करें, इसकी भी मर्यादा सीखने के लिए संतों के पास आगमन रहता है।

नागौर में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- 'दुनिया के देशों की मदद करने वाला एकमात्र देश कौन है, भारत है। पाकिस्तान में बाढ आई तब भी भारत मदद करने गया। पाकिस्तान इतनी हरकत करता है हमारे खिलाफ। हमारी अपनी स्थिति बढ़ रही है, ठीक हो रही है तब भी अपना पेट काटकर सबकी मदद की। यह भारत में होता है। इसका कारण क्या है- धर्म। 'आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- 'भारत में समाज के श्रेष्ठ लोग केवल बोलते ही नहीं है बल्कि उसे अपने जीवन में भी ढालते हैं। भारत के श्रेष्ठ लोगों का सदैव से ही अनुकरण होता रहा है।



### हम अलग अलग दिखते हैं लेकिन मूल में एक ही हैं

मोहन भागवत ने कहा- 'हम सब अलग अलग दिखते हैं लेकिन मूल में एक ही हैं। सभी अपने हैं, ये मानकर जीवन जीने में अपने आप मर्यादा आती है। सब अपने हैं, सबका जीवन चलना चाहिए। यही धर्म हमें सिखाता है। धर्म, धारण करने का भाव है। धर्म के पीछे सत्य का भाव है। अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अस्तेय, अपरिग्रह को प्रत्यक्ष रूप से जानना व अनुभव करना भारत में ही हुआ है।'

### भारत विश्व में सब की चिंता करता है

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य का विश्लेषण करते हुए मोहन भागवत ने कहा- 'वर्तमान में व्यक्ति और देश चाहे जो भी हो मेरा स्वार्थ पूरा होना चाहिए, ऐसा सोचते हैं। लेकिन भारत न तो इस मार्ग पर चला है न चलेगा। भारत विश्व में सब की चिंता करता है। भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जिसने अनेक आपदा व संकट के अवसर पर सेवा कार्य किया है। अपना पेट काटकर भी भारत ने अन्य देशों की मदद की है। यही धर्म है, मैं जिऊंगा सबका जीवन बनाने के लिए क्योंकि सब अपने हैं।

**मेट्रो एंकर** — गणतंत्र दिवस परेड में दिखेंगी लॉन्ग रेंज मिसाइल और डीआरडीओ की स्वदेशी रक्षा प्रणालियां

# हाइपरसोनिक मिसाइल: दुश्मन की पहुंच से बाहर, टारगेट पर सीधा वार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ, गणतंत्र दिवस परेड तथा भारत पर्व 2026 में अपनी कई स्वदेशी रक्षा प्रणालियों का प्रदर्शन करेगा। इन प्रमुख प्रणालियों में लॉन्ग रेंज एंटी-शिप हाइपरसोनिक मिसाइल शामिल है। वहीं, इस बार डीआरडीओ की विशेष झांकी कॉम्बैट सबमरीन के लिए नौसैनिक प्रौद्योगिकियों पर आधारित होगी।

डीआरडीओ गणतंत्र दिवस परेड के दौरान लॉन्चर सहित लॉन्ग-रेंज एंटी-शिप हाइपरसोनिक मिसाइल का प्रदर्शन करेगा। यह अत्याधुनिक हथियार प्रणाली भारतीय नौसेना की तटीय बैटरी आवश्यकताओं को



ध्यान में रखकर विकसित की गई है। लॉन्ग-रेंज एंटी-शिप हाइपरसोनिक मिसाइल एक हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल है। यह मिसाइल स्थिर एवं गतिमान दोनों प्रकार के लक्ष्यों को अत्यंत सटीकता से भेदने में सक्षम है। इसे विभिन्न प्रकार के पेलोड ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। खास बात यह भी है कि यह मिसाइल पूरी तरह स्वदेशी एवियोनिक्स प्रणालियों और उच्च-सटीकता वाले सेंसर पैकेज से युक्त है। यह अपनी श्रेणी की पहली स्वदेशी हाइपरसोनिक मिसाइल है। तकनीकी विशेषताओं की बात करें तो यह उड़ान के दौरान मल्टीपल स्किप्स करती है। टर्मिनल चरण में गतिमान लक्ष्यों को भेदने के लिए स्वदेशी विकसित सेंसर से लैस है। कम ऊंचाई, अत्यधिक गति और उच्च गतिशीलता के कारण यह मिसाइल दुश्मन के भूमि एवं पोत आधारित रडारों की पकड़ से अधिकांश समय बाहर रहती है।

डीआरडीओ के मुताबिक, लॉन्ग रेंज एंटी-शिप हाइपरसोनिक मिसाइल में दो-चरणीय ठोस ईंधन रॉकेट मोटर प्रणाली का उपयोग किया गया है। पहला चरण निर्धारित समय के बाद इससे अलग हो जाता है। वहीं, दूसरे चरण के पूर्ण होने के पश्चात मिसाइल वायुमंडल में बिना इंजन के ग्लाइड करते हुए आवश्यक युद्धाभ्यास करती है और लक्ष्य को भेदती है। डीआरडीओ की झांकी भारत पर्व के तहत लाल किला परिसर में 26 से 31 जनवरी 2026 तक प्रदर्शित की जाएगी। इस वर्ष झांकी का विषय है 'नेवल टेक्नोलॉजीस फॉर कॉम्बैट सबमरींस'।रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस झांकी में भारतीय नौसेना की पारंपरिक पनडुब्बियों की युद्ध क्षमता बढ़ाने वाली स्वदेशी प्रणालियों को प्रदर्शित किया जाएगा। ये वे क्षमताएं हैं जो जल के नीचे युद्ध क्षेत्र में फ़ोर्स मल्टीप्लायर की भूमिका निभाती हैं। यह सिस्टम इंटीग्रेटेड कॉम्बैट सूट (आईसीएस) कहलाता है। आईसीएस एक नई पीढ़ी की पनडुब्बी आधारित युद्ध प्रणाली है, जो पनडुब्बी युद्ध एवं पनडुब्बी रोधी अभियानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह 'सिस्टम ऑफ सिस्टम्स' के रूप में कार्य करता है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564